नई दिल्ली

**सोमवार, 15 दिसंबर 2025**

पौष मास, कृष्ण–00
एकादशी, वर्ष : 29, अंक : 242
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### विदेशी टैक्स चोरी पर 29 हजार करोड़ का हुआ बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली।** भारत ने विदेशी टैक्स चोरी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बात का दावा वैश्विक आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के एक शीर्ष अधिकारी ने की। उन्होंने कहा कि भारत विदेशी टैक्स चोरी (ऑफशोर टैक्स एवेज़न) के खिलाफ पारदर्शिता लागू करने में दुनिया के मजबूत देशों में शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की पारदर्शी टैक्स नीतियों और आयकर विभाग के हालिया अभियान से 29 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है। यह भारत की मजबूत वैश्विक भूमिका और सख्त टैक्स व्यवस्था को दर्शाता है। एक सक्षात्कार में ओईसीडी की टैक्स पारदर्शिता और सूचना आदान-प्रदान से जुड़े ग्लोबल फोरम की सचिवालय प्रमुख जायदा मैनाटा ने यह बात कही। वह हाल ही में 2 से 4 दिसंबर के बीच नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल फोरम की वार्षिक बैठक में शामिल होने भारत आई थीं। बता दें कि इस फोरम के 172 देश सदस्य हैं। विदेशी शेष पेज 5 पर

भाजपा संसदीय बोर्ड ने रविवार को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नबीन की नियुक्ति पर मुहर लगाई

# बिहार के युवा नेता नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। 45 वर्ष के युवा चेहरे नबीन अपनी संगठन क्षमता के बल पर इस पद पर पहुंचें हैं। बांकीपुर विधानसभा से पांच बार के विधायक नितिन नबीन बिहार सरकार पथ निर्माण विभाग और नगर विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। भाजपा संसदीय बोर्ड ने रविवार को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नबीन की नियुक्ति पर मुहर लगाई। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। भविष्य में नितिन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा नेता होंगे।

नितिन नवीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नवीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे। भाजपा ने नितिन नबीन को अपने पिता की विरासत संभालेंगे के लिए कहा। नितिन चुनावी मैदान में पटना पश्चिम



**प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने नबीन को संगठन क्षमता का धनी बताते हुए बधाई दी**

उतरे। उपचुनाव में वह पहली बार जीते। इसके बाद से जो जीत का सिलसिला शुरू हुआ, वह अभी तक जारी है। 2008 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा, का राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बनाया गया।

2010 से 2013 के बीच नितिन भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री बने। इसके बाद 2016-2019 में वह बिहार भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष बने। 2019 में ही उन्हें भाजपा ने सिक्किम राज्य का लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रभारी बना दिया। इसके बाद 2021 से 2024 के बीच वे छत्तीसगढ़ में सह-प्रभारी रहे। 2024 में छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव प्रभारी बने। जुलाई 2024 से अब तक वह छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी के रूप में संगठन के दायित्व को देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मंत्री जेपी नड्डा, सीएम नीतीश कुमार समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि नितिन नबीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है। बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है, साथ ही जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है।

वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है।

आज उनका राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना दिन-रात परिश्रम करने वाले हर युवा भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है। मैं उनके नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।


**'सबसे बड़ा' आतंकी हमला**

काले कपड़े पहने दो हमलावर एक वाहन से उतरे और भीड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की

# सिडनी में हनुक्का उत्सव पर आतंकी हमला, 12 यहूदियों को 'भून' डाला

*हमला यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन आयोजित सार्वजनिक उत्सव 'चनुका बाय द सी' के दौरान हुआ, जिसे चबाड ऑफ बॉन्डी ने आयोजित किया था*

उत्सव में करीब दो हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे





- जहां बंदूकों को लेकर बहुत सख्त कानून, वहां हमलावर इन्हें लेकर कैसे घुस आए?
- दुनिया भर में दो साल के भीतर यहूदी समुदाय पर चौथा बड़ा आतंकी हमला
- मारे गए लोगों में एक हमलावर भी शामिल
- मौके से आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला, जिसे बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किया
- हमलावरों के पास मिलिट्री-ग्रेड हथियार और बुलेटप्रूफ वेस्ट थे

एजेंसी ▸▸ सिडनी

सिडनी के प्रसिद्ध बॉन्डी बीच पर रविवार की शाम को एक भयानक आतंकी हमला हुआ, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। यह हमला यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन आयोजित सार्वजनिक उत्सव 'चनुका बाय द सी' के दौरान हुआ, जिसे चबाड ऑफ बॉन्डी ने आयोजित किया था। न्यू साउथ वेल्स के मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स ने इसे सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया लक्षित हमला बताया। पुलिस ने इसे आतंकवादी घटना घोषित कर दिया है। यह ऑस्ट्रेलिया में हाल के सालों की सबसे घातक घटनाओं में से एक है, जहां बंदूकों पर सख्त कानून हैं। शाम करीब 6:45 से 7 बजे के बीच (स्थानीय समय) कैम्पबेल परेड के पास, बॉन्डी पवेलियन और नॉर्थ बॉन्डी पार्क के नजदीक दो बंदूकधारियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। काले कपड़े शेष पेज 5 पर

### राहगीर ने एक हमलावर को काबू किया

एक वीडियो में एक साहसी राहगीर पीछे से हमलावर पर झपट्टा मारता दिखा। उसने बंदूकधारी की राइफल छीन ली और उसे उसी पर तानने की कोशिश की। इस बहादुरी से कई जानें बच गईं। इस हीरो की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं हुई, लेकिन पूरे देश में उसकी तारीफ हो रही है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस और मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स के अनुसार 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है । इनमें एक हमलावर भी शामिल है, जिसे पुलिस ने मौके पर मार गिराया। दूसरा हमलावर गंभीर रूप से शेष पेज 5 पर

### एक हमलावर का नाम नवीद अकरम

एक हमलावर की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है, जो सिडनी के दक्षिण-पश्चिम इलाके बोनीरिग का रहने वाला है। उसके घर पर पुलिस ने छापा मारा। सोशल मीडिया पर उसकी ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर वायरल हुई, जिसमें जन्म वर्ष 2001 बताया गया। हमलावरों के पास मिलिट्री-ग्रेड हथियार और बुलेटप्रूफ वेस्ट थे। मोटिव स्पष्ट नहीं, लेकिन यहूदी समुदाय को लक्षित करने के मजबूत संकेत हैं। जांच में आतंकवाद का एंगल प्रमुख है।

### पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा यह हमला दिल दहला देने वाला

मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स ने देर रात क्राइसिस कैबिनेट मीटिंग बुलाई और प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हमला है। शांति और खुशी की रात को बर्बाद कर दिया गया। उन्होंने पुलिस और आम नागरिकों की बहादुरी की सराहना की। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इसे शॉकिंग और डिस्ट्रेसिंग कहा। इजरायली शेष पेज 5 पर

जीपीएस हस्तक्षेप की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय

## वैश्विक एयरलाइंस समूह ने पायलटों को दी बेहद सतर्क रहने की सलाह



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक एयरलाइंस संगठन इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने कहा कि उड़ानों के दौरान जीपीएस प्रणाली को बाधित करने घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो चिंता का विषय हैं और पायलटों को पहले से ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। आईएटीए दुनिया की करीब 360 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 80 हिस्सा से ज्यादा हिस्सा संभालती हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट भी इस संगठन का हिस्सा हैं। हाल के समय में दिल्ली, मुंबई,कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई हवाई अड्डे पर भी जीपीएस स्पूफिंग (गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करना) और इंटरफेरेंस (बाधा डालना) की घटनाएं सामने आई हैं।

**जीपीएस प्रणाली में बाधा के चलते बढ़ी घटनाएं**

इस हफ्ते जिनेवा में हुई बातचीत के दौरान आईएटीए के अधिकारियों ने कहा कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करने और बाधा पहुंचाने की घटनाओं के कारण पालयटों को ऑपरेशन के दौरान ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह समस्या अब पूरी दुनिया में मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय विमानन संगठन (आईसीएओ) जीएनएसएस (वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली) की स्पूफिंग को अंतरराष्ट्रीय रेडियो फ्रीक्वेंसी इंटरफेरेंस का एक रूप मानता है। आईएटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संचालन और सुरक्षा) निक कैरिन ने कहा कि शुरुआत में ऐसी घटनाएं पश्चिम एशिया में देखी गई थीं और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यह पूर्वी यूरोप में भी बढ़ीं। उन्होंने कहा, अब भारत, एशिया और वेनेजुएला में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। आईएटीए के आंकड़ों के अनुसार, प्रति 1,000 उड़ानों पर जीपीएस सिग्नल खोने की दर 2022 में 31 थी, जो 2025 में बढ़कर 59 होने का अनुमान है।

फ्रांसीसी रिपोर्ट से मिले बड़े संकेत

## अब राफेल एफ-5 खरीदने की तैयारी कर रहा भारत



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के साथ राफेल लड़ाकू विमानों को लेकर चल रही बातचीत के बीच फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय से कुछ जानकारियां लीक हुई हैं। लीक हुई एक जानकारियों से पता चलता है कि भारत, 90 राफेल एफ4 मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने का इरादा रखता है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के लिए 24 नेक्स्ट-जेनरेशन राफेल एफ-5 वेरिएंट को भी अतिरिक्त ऑप्शन के तौर पर रखा गया है, यानि भारत एफ-5 राफेल खरीदने के लिए भी बात कर रहा है।

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायुसेना ने मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) को शामिल करने में तेजी लाने के लिए पिछले दिनों भारतीय रक्षा मंत्रालय को 114 राफेल खरीदने का प्रस्ताव भी दिया था। वही भारतीय वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर में राफेल लड़ाकू विमान की क्षमता और परफॉर्मेंस को लेकर पूरी तरह से संतुष्ट है। दरअसल, भारतीय वायुसेना के पास स्वीकृत तौर पर 42.5 स्क्वाड्रन होने चाहिए, लेकिन सिर्फ 29 लड़ाकू विमान स्क्वाड्रन ही हैं, इसलिए भारत जल्द से जल्द नए विमानों को वायुसेना के बेड़े में शामिल करना चाहता है। एयर मार्शल अनिल चोपड़ा के मुताबिक भविष्य की तरफ देखने पर राफेल एफ-4 और एफ-5 भारत की रणनीतिक जरूरतों के लिहाज से अहम माने जा रहे हैं। एफ-4 क्षमता के हिसाब से बेहतर नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर, एडवांस रडार, सेंसर बेहतरीन है, जबकि एफ-5 को एक तरह से पांचवीं और छठी पीढ़ी के बीच का ब्रिज माना जा रहा है।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली**

उन्होंने इसे सच बनाम झूठ की लड़ाई बताया

## राहुल बोले- सत्ता में आए तो निर्वाचन आयुक्तों के खिलाफ 'कार्रवाई' करेंगे


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकतंत्र की जमीन पर राजनीतिक टकराव अब खुलकर सामने सड़क पर आ गया है। कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की।

इसे संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार, आरएसएस और निर्वाचन आयोग पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने इसको सच बनाम झूठ की लड़ाई



बताया। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को छूट देने के लिए नया कानून लाया गया है, हम इस कानून को बदल देंगे और निर्वाचन आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ये हो सकता है इन सब चीजों में वक्त लगे, लेकिन हिंदुस्तान में सच की जीत होगी। हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर पीएम मोदी और अमित शाह को हराएंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनके पास सरकार है, वे वोट चोरी में शामिल हैं। हम सच के साथ हमेशा खड़े रहेंगे और पीएम मोदी, आरएसएस सरकार को सत्ता से हटा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान 10 हजार रुपए दिए, लेकिन चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। सत्य और असत्य की इस जंग में, चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके का मामला

# मंदिर के अंदर महिला की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में स्थित एक मंदिर के अंदर रविवार को 48 वर्षीय महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद इलाके में दहशत फैल गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए कई टीम गठित की हैं। यह घटना अपराह्न करीब 12 बजे डीडीए(दिल्ली विकास प्राधिकरण) फ्लैट परिसर में स्थित मंदिर में हुई, जब महिला पूजा कर रही थी। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) फोन पर घटना की सूचना मिली।

शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने एक बयान में कहा कि फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि दो युवकों ने मंदिर में एक महिला पुजारिन के सिर पर चाकू से हमला किया है। डीसीपी ने बताया कि पीड़िता की पहचान मानसरोवर पार्क निवासी कुसुम शर्मा के रूप में हुई है। महिला के सिर और शरीर पर कई बार चाकू से वार किया गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल कुसुम शर्मा को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने अपने एक साथी के साथ मिलकर कुसुम पर चाकू से बार-बार हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत होता है, हालांकि मामले की जांच जारी है। डीसीपी ने बताया कि मामले में जांच के लिए कई टीम गठित की गई हैं।

एक अधिकारी ने कहा कि इलाके और आसपास के कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से हमलावरों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है।

पुलिस ने कहा कि हत्या का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह व्यक्तिगत रंजिश या सुनियोजित हमले का मामला लग रहा है। अधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने घटना की कड़ियों को जोड़ने के लिए परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और स्थानीय निवासियों से भी पूछताछ की है। मानसरोवर पार्क थाने में इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### ऑटो रिक्शा चालक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर इलाके में दो नाबालिगों के साथ हुई कहासुनी के बाद 18 वर्षीय एक ऑटो रिक्शा चालक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात लगभग साढ़े 11 बजे हुई। घटना में शामिल दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशाल शादी से लौटकर अपने घर के पास खड़ा था, तभी आरोपियों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि विवाद विशाल के नाबालिग के एक रिश्तेदार से कथित संबंध को लेकर शुरू हुआ था। कहासुनी के दौरान, एक नाबालिग ने चाकू निकालकर विशाल पर कई वार किए। अधिकारी ने बताया कि विशाल की छाती के ऊपरी बाएं और दाएं हिस्से तथा हाथ पर चाकू से वार किए गए। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा, "प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या व्यक्तिगत रंजिश में की गई थी। यह रंजिश आरोपी नाबालिगों में से एक के रिश्तेदार से कथित संबंध से जुड़ी है। अपराध में प्रत्येक नाबालिग की सटीक भूमिका का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# कांग्रेस की रैली में राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित अन्य राज्यों से पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- खरगे, राहुल, प्रियंका ने साधा मोदी सरकार पर जमकर निशाना, यादव ने रैली बताई कामयाब

वोट षडयंत्र को लेकर कांग्रेस की रामलीला मैदान में हुई रैली में भीड़ के लिए दिल्ली सहित राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित अन्य राज्यों से कार्यकर्ता बसों में भर आए। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेसी नेताओं ने एसआईआर के बहाने वोट काटने के गंभीर आरोप लगाए। भाजपा पर आरोप लगाए कि भाजपा चुनाव आयुक्त के सहारे वोट कटवाने में लगी है। लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, भाजपा और चुनाव आयोग की सांठगांठ सबके सामने है। राहुल गांधी ने अपने चिर परिचित अंदाज में पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग की मिली भगत के आरोप लगाते हुए लोकतंत्र की हत्या करार दिया। राहुल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का खुलासा करने से संसद के अंदर गृहमंत्री अमित शाह के हाथ कांप रहे है जिसे सब देख रहे है। उन्होंने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह, विवेक जोशी पर बीजेपी के साथ मिलकर काम करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम ने इनके लिए कानून तक बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। राहुल ने कहा कि इन लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि यह हिंदुस्तान के चुनाव आयुक्त हैं, न कि बीजेपी के। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लेकर राहुल ने कहा कि वह कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, केवल सत्ता जरूरी है। देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। गांधी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी है, हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही सत्य है जबकि उनके डीएनए में असत्य और वोट चोरी है। वोट चोरी अंबेडकर के संविधान पर हमला है। यह लोग वोट चोरी करके सरकार चलाते हैं। राहुल ने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी से भारत के छोटे व्यापारियों को मारा गया है। यह सब कुछ इसलिए हो रहा, क्योंकि वोट चोरी की जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर यह वोट चोरी नहीं करें तो तय है कि यह सब केवल 5 मिनट में सरकार से बाहर हो जाएं। अपने संबोधन में पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब संसद चल रहा होता है वह विदेश चले जाते है। राहुल गांधी जो सवाल करते है मोदी उसका जवाब तक नहीं देते। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस की विचारधारा ही इस समय देश को बचा सकती है। इसलिए अपनी सुरक्षा के लिए लोगों अब इन्हें हटाना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जितना देश का बनाया था, भाजपा ने सब बिगाड़ दिया है। वहीं रैली को सफल बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि खचाखच पूरा भरा रामलीला मैदान बता रहा था कि मोदी सरकार द्वारा वोट काटने के षड्यंत्र से लोगों में किस कदर गुस्सा भरा हुआ है। यादव ने कहा कि रैली को कामयाब बनाने के लिए प्रदेश संगठन के एक एक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हुं। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत को लेकर जो कहा वो सच है। यादव ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शुरू से ही वोट षडयंत्र को लेकर पूरे देश में भाजपा की सच्चाई सबके सामने ला रहे है। रैली में भी राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित करते हुए वोट चोरी की परतें खोलकर रख दी है। यह रैली पूरे देश में वोट चोरी को लेकर एक जन जागरण का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयुक्त की मिलीभगत से हर राज्य में लाखों वोटरों के नाम काटे जा रहे है जो कि लोकतंत्र के लिए दुखद है। रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर बैनर पकड़े हुए थे जिन पर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लिखे हुए थे। जैसे ही मंच पर राहुल गांधी पहुंचे पूरा रामलीला मैदान नारेबाजी से गूंज गया। रैली में प्रदेश कांग्रेस की तरफ से चाय नाश्ते से लेकर खाने पीने तक का पूरा इंतजाम देखने को मिला। खुद यादव अपने हाथों से कार्यकर्ताओं को चाय पानी व खाना आदि बांटते दिखाई दिए।

## शाहदरा के एक घर में लगी आग बालक की मौत, उसकी बहन झुलसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के शाहदरा में एक घर में आग लगने से एक वर्षीय बालक की मौत हो गई और उसकी चार साल की बहन झुलस गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को तब सामने आई जब गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ने पुलिस को सूचित किया कि उसके यहां दो बच्चों को झुलसने के बाद लाया गया था। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने एक बयान में कहा कि अस्पताल से घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान दिल्ली के झिलमिल स्थित राजीव कैंप इलाके के निवासी परी और अंश के रूप में हुई है। चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बच्चे आग से झुलस गए थे। पुलिस ने बताया कि बाद में अस्पताल ने सूचना दी कि अंश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बच्चों की मां निशा ने पुलिस को बताया कि यह घटना तब हुई जब वह कमरे के अंदर खाना बना रही थी और कुछ देर के लिए बाहर चली गई थी, जबकि दोनों बच्चे गैस चूल्हे से लगभग 1.5 फुट की दूरी पर रखे बिस्तर पर थे। डीसीपी ने बताया कि लगभग 15 मिनट बाद लौटने पर उन्होंने पाया कि बिस्तर में आग लग गई थी और दोनों बच्चे झुलस गए थे। पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों की मदद से झुलसे हुए बच्चों को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीसीपी ने बताया कि लड़की का फिलहाल इलाज चल रहा है, जबकि लड़के के शव को कानूनी कार्यवाही के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक जांच में घटना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का संकेत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# नकली मलहम बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली पुलिस ने दो करोड़ रुपये का सामान किया बरामद

दिल्ली पुलिस ने शेड्यूल-एच की नकली दवाओं के निर्माण, दोबारा पैक करने और देशव्यापी बिक्री में कथित रूप से शामिल एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक विनिर्माण इकाई का भी पता लगाया है और वहां से 2.3 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकली दवाएं और कच्चा माल जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में (उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी गौरव भगत और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सबापुर निवासी श्री राम उर्फ विशाल गुप्ता) दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने एक बयान में कहा कि यह अभियान अपराध शाखा द्वारा चलाया गया था। आरोपी चिकित्सकों द्वारा ज्यादातर लिखी जाने वाली मलहमों (जिनमें बेटनोवेट-सी और क्लोप-जी शामिल हैं) के नकली संस्करण बनाने और बेचने में लगे हुए थे। इन मलहमों का व्यापक रूप से त्वचा संक्रमण, एलर्जी और खेल से संबंधित चोटों के इलाज में उपयोग किया जाता है। अधिकारी ने आगे कहा कि नकली दवाओं को असली ब्रांडेड उत्पादों के रूप में बेचा जा रहा था, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। मिली सूचनाओं के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने सबसे पहले देश के सबसे बड़े थोक दवा और सौंदर्य प्रसाधन बाजारों में से एक सदर बाजार के तेलिवारा में छापा मारा। डीसीपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच मलहम बरामद किए गए। इसके बाद किए गए तकनीकी विश्लेषण और प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर टीम गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के मीरपुर हिंदू गांव से संचालित एक विनिर्माण इकाई तक पहुंची। उन्होंने बताया, ₹परिसर की तलाशी के दौरान नकली दवाएं, भारी मात्रा में कच्चे रसायन, पैक करने वाली सामग्री, जाली ब्रांड लेबल वाली खाली ट्यूब और मलहम को मिलाने, भरने और सील करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनरी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों के दवा निरीक्षकों ने संबंधित दवा कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर मौके पर निरीक्षण किया और जब्त किए गए स्टॉक से नमूने लिए। उन्होंने पुष्टि की कि दवाएं नकली थीं और न तो उनकी कंपनियों द्वारा निर्मित की गई थीं और न ही उनकी आपूर्ति की गई थीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास दवा उत्पादों के निर्माण, भंडारण या बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस भी नहीं था। पुलिस ने बताया कि 12 दिसंबर को अपराध शाखा थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

## कांग्रेस बताएं, ई.वी.एम. से केरल नगर निकाय चुनाव कैसे जीत गई कांग्रेस : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- मोदी के प्रति आपत्तिजनक नारे लगाये जाने की सचदेवा ने की निंदा

देशवासी जानना चाहते हैं कि कांग्रेस नेता बताएं कि जब उनके अनुसार ई.वी.एम. से कोई कहीं वोट डाले वोट भाजपा को जाता है तो अब कांग्रेस इन्ही ई.वी.एम. से केरल नगर निकाय चुनाव कैसे जीत गई ? दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को कांग्रेस रैली को लेकर यह बयान जारी किया। उन्होंने एस.आई.आर. को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आपत्तिजनक नारे लगाये जाने की निंदा करते हुए कांग्रेस नेतृत्व से माफी मांगने की मांग की है। सचदेवा ने कहा है कि एस.आई.आर. को लेकर कांग्रेस की आपत्ति जनता के लोकतांत्रिक जनादेश का अपमान है चाहे वह हरियाणा, महाराष्ट्र का हो या दिल्ली, बिहार का। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेव ने कहा है कि कांग्रेस नेता लगातार केन्द्र सरकार एवं चुनाव आयोग पर ई.वी.एम. दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए ई.वी.एम. की जगह बैलेट पेपर से चुनाव की मांग करते रहे हैं पर अब केरल में इन्ही ई.वी.एम. से हुए स्थानीय निकाय चुनाव को कांग्रेस का यू.पी.ए. गठबंधन जीता है तो देश की जनता अब इस पर कांग्रेस नेतृत्व की प्रतिक्रिया सुनना चाहता है।

# एलुमनाई के योगदान से ही शैक्षणिक संस्थान होते हैं सुदृढ़ : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने शक्ति नगर एलुमनाई मीट 2025 को किया संबोधित

एलुमनाई की निरंतर सहभागिता से ही शैक्षणिक संस्थान सुदृढ़ होते हैं। यह बात रविवार को दिल्ली विधान सभा के विजेन्द्र गुप्ता ने शक्ति नगर स्कूल नं. 1, दिल्ली में आयोजित एलुमनाई एवं खेल महोत्सव एवं मिलन समारोह 2025 को संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम का आयोजन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (शोभा) द्वारा किया गया। विजेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और निर्माणकारी काल हमारे विद्यालयी वर्ष होते हैं। जब हम वर्षों बाद अपने विद्यालय लौटते हैं, तो हम किसी पद या पहचान के साथ नहीं, बल्कि एक विद्यार्थी के रूप में लौटते हैं, जिसे इन गलियारों, कक्षाओं और स्मृतियों ने गढ़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से पूर्व छात्र अपने प्रारंभिक वर्षों से पुनः जुड़ते हैं। कक्षाओं, गलियारों, खेल के मैदानों और साझा अनुभवों से जुड़ी स्मृतियां जीवन भर साथ रहती हैं, चाहे व्यक्ति जीवन में किसी भी उच्च पद पर क्यों न पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बिताए गए किशोरावस्था के वर्ष आत्मविश्वास, आकांक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

# श्रमिकों की सुरक्षा और उनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट की अनुमति, सुरक्षा और सुविधाएं दोनों अनिवार्य की गईं
- छोटे व्यापारियों की उलझन खत्म, श्रम सुधारों से कारोबार को रफ्तार मिली

राजधानी में श्रमिकों को सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियां, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्रम सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार राजधानी के रोजगार क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई है, साथ ही कार्यस्थल पर नियोक्ताओं द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। इन सुधारों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को एक बयान में कहा है कि दिल्ली सरकार श्रमिकों के साथ है। श्रमिक हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व भी है। हम ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे श्रमिकों को राहत मिले, रोजगार बढ़े और छोटे व्यापारियों को भी सुगमता से काम करने का अवसर प्राप्त हो। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने श्रमिकों और कामकाजी वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लागू किए हैं। इसके अंतर्गत राजधानी में दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खुला रखने की अनुमति दी गई है, जिसमें शराब की दुकानों को छोड़कर अन्य सभी प्रतिष्ठान शामिल हैं। इस निर्णय से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी। इसके साथ ही छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे उन्हें अनावश्यक कागजी जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रम कानूनों को भी सरल करते हुए लेबर कोड के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, जो 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ-साथ श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित हैं। इसके साथ ही महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई है, जिसके तहत वे ग्रीष्मकाल में रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक और सर्दियों के दौरान रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य कर सकेंगी। इस व्यवस्था में दुकानों और संस्थानों पर लगे प्रतिबंध हटाए गए हैं, हालांकि महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियोक्ताओं के लिए सुरक्षा, परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।

## ट्रैफिक नियमों का हो रहा खुलेआम उल्लंघन

# दिल्ली में चल रहा है 'फर्जी स्टिकर' का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश की राजधानी दिल्ली में भले ही इन दिनों 'फर्जी स्टिकर' के माध्यम से सरकार के राजस्व को चूना लगाने वालों पर कार्रवाई जारी है लेकिन अभी भी यह 'फर्जी स्टिकर' का कार्य खुले आम जारी है। दिल्ली की आजादपुर फल और सब्ज़ी मंडी से जुड़े सूत्रों ने इस फर्जी स्टिकर का चिंताजनक खुलासा किया है। सूत्रों के अनुसार, ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों को बिना रोक-टोक चलाने के लिए 'फर्जी स्टिकर' जारी किए जा रहे हैं और जब पोल खुलती है तो बिना स्टिकर के भी ऐसे ओवरलोडिड वाहनों को आने दिया जाता है। दावा किया जा रहा है कि इन स्टिकरों को वाहनों पर लगाने के बाद दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों को नहीं रोकती। सूत्र बताते हैं कि यह स्टिकर विशेष रूप से भारी मालवाहक वाहनों को दिए जा रहे हैं, जिनकी ऊँचाई और भार तय मानकों से कहीं अधिक होता है। नियमों को ताक पर र खकर ऐसे वाहन राजधानी की सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे हैं, जिससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि आम लोगों की जान भी जोखिम में पड़ रही है।

### 2500 से 3500 रुपए मासिक शुल्क में मिल रहें

सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2025 में दिसंबर माह के लिए भी ऐसे 'फर्जी स्टिकर' जारी हो चुके हैं और ये 2500 से 3500 रुपए मासिक शुल्क में मिल रहे हैं। दिल्ली में ये स्टिकर पांच प्रकार के बताए गए हैं और इसी आधार पर इनके मासिक शुल्क तय किए गए हैं। इसमें पहला, आज़ादपुर मंडी से मंगोल पुरी, केशोपुर मंडी, सुल्तान पुरी, पीरा गढ़ी, नांगलोई क्षेत्र शामिल है। दूसरा, आजादपुर मंडी से लेकर संपूर्ण यमुना पार, शास्त्री पार्क, सीलमपुर। तीसरा, पूरी दिल्ली में कही भी चलना। चौथा, करोल बाग और एनडीएमसी क्षेत्र और पांचवा, आजादपुर मंडी से द्वारका, विशाल कुंज तक मार्ग शामिल बताए गए हैं।

### पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो तो राहत मिलेगी

सूत्रों ने बताया कि जनहित में यह मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन सड़क हादसों, फ्लाईओवर क्षति और ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण बनते हैं। सवाल यह भी उठता है कि आखिर ये फर्जी स्टीकर कौन जारी कर रहा है और किसकी मिलीभगत से यह पूरा नेटवर्क चल रहा है। अब ज़रूरत है कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभाग इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं, फर्जी स्टीकर गिरोह का पर्दाफाश करें और नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें, ताकि राजधानी की सड़कों पर सरकार के नियमों व कानून की धज्जियां न उड़ सके और कानून का राज कायम रह सके।

# 11 साल से फरार हत्या का आरोपी हरियाणा के झज्जर से दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में दर्ज हत्या के मामले में 11 साल से फरार 41 वर्षीय एक महिला को हरियाणा के झज्जर में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाबा हरिदास नगर में अपने पड़ोसी की हत्या के मामले में कथित रूप से शामिल वांछित आरोपी प्रीति को 12 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई 2014 को हुई इस हत्या से पहले, पड़ोसी के परिसर में सबमर्सिबल पंप से पानी फैलने को लेकर झगड़ा हुआ था। एक अधिकारी ने कहा कि झगड़ा तेजी से बढ़ गया और कई लोग तेज धारदार हथियारों से भिड़ गए। इस दौरान बीच-बचाव करने आए रवि के सीने में चाकू घोंप दिया गया और बाद में राव तुला राम अस्पताल में उसकी मौत हो गई।₹ उन्होंने बताया कि उस दौरान इस संबंध में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें आरोपी प्रीति का पति भी शामिल था लेकिन प्रीति कानून की पकड़ से बचने में सफल रही। पुलिस ने बताया कि वह एक दशक से अधिक समय तक फरार रही और बार-बार अपना स्थान और संपर्क नंबर बदलती रही जिसके बाद पुलिस ने उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया। हाल ही में, अपराध शाखा की टीम ने झज्जर में प्रीति का पता लगाया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने हत्या में शामिल होने की बात कबूल की।

अधिकारी ने बताया कि 2014 से वह हरियाणा में अपने रिश्तेदारों के साथ अपने किशोर बेटे के साथ रह रही थी।

## हम विपश्यना में भागने वाले नहीं, निकाल रहे प्रदूषण की समस्या का समाधान : रेखा

# प्रदूषण : कोताही नहीं होगी बर्दाश्त, खुले में कूड़ा जलाने पर होगा 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण के मामले पर आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर कड़ा प्रहार करते हुए रविवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या का हम दिल्ली में रहकर समाधान निकाल रहे हैं। हम उनके जैसे नहीं है कि दिल्ली को उसके हाल पर छोड़ कर हर 6 महीने विपश्यना करने भाग जाएं। मेरी दिल्ली, मेरी जिम्मेदारी, हम इस भावना से काम कर रहे हैं। समस्या भी यहीं है, समाधान भी यहीं निकलेगा,दिल्ली के लिए, दिल्ली में रहकर।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म दोनों तरह के उपाय किए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस लड़ाई में संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को एक्स पर लगातार कई पोस्ट की। इनमें उन्होंने लिखा कि प्रदूषण नियंत्रण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरी टीम मैदान में प्रदूषण के हर स्रोत पर सख़्त नियंत्रण के लिए नॉन-स्टॉप काम कर रही है। तेज निर्णय लिए जा रहे हैं, कार्रवाई बिना रुके जारी है और हर स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमसीडी को 70 एमआरएस मशीनें दी गई हैं। साथ ही विधानसभाओं में 1हजार लीटर पिकर और हर वार्ड में सुपर सकर लगाए जा रहे हैं। इन सभी के लिए पूरा फंड दिया गया है। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एमसीडी को 500 करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए गए हैं और 300 करोड़ रुपए की एक्स्ट्रा ग्रांट स्थायी रूप से जोड़ी गई है। 50 शटल पार्किंग विकसित की जाएंगी। फंड दिल्ली सरकार देगी, ताकि रोड-साइड पार्किंग कम हो, ट्रैफिक सुधरे और प्रदूषण घटे। 311 ऐप को पूरी तरह जवाबदेह बनाया जा रहा है। ड्रेन और सड़कों के सुधार पर व्यवस्थित काम चल रहा है। पहली बार शहर में बायोगैस प्लांट शुरू किया गया है, जिससे रोज़ 1500 मीट्रिक टन गोबर का प्रबंधन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। खुले में कूड़ा जलाने पर 5 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से अपील की है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस प्रयास में सरकार का सहयोग करें, नियमों का पालन करें और स्वच्छ व स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं।

### सीएम भी करें विपश्यना मिलेगी शांति : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा हर साल विपश्यना करने जाने को भाग जाना बताने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक्स पर लिखा कि कहा कि भगवान बुद्ध की सिखाई गई गई दिव्य साधना विधि का मजाक उड़ाना आपको शोभा नहीं देता है। उन्होंने सीएम को सलाह देते हुए कहा कि आप भी विपश्यना कीजिए, बहुत शांति मिलेगी।

## प्रदूषण व कोहरे की दोहरी मार से हवाई-सड़क यातायात हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ गंभीर श्रेणी में एक्यूआई, 455 हुआ दर्ज

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण और घने कोहरे की दोहरी मार ने जहां दिल्ली में हवाई यातायात से लेकर सड़क परिवहन को बाधित किया। वहीं एक्यूआई गंभीर श्रेणी में 455 तक दर्ज हुआ, जिससे सांस लेना दूभर कर दिया। सर्दियों के इस सीजन में यह पहली बार है कि घने कोहरे ने पूरी दिल्ली को अपनी गिरफ्त में समेटे रखा। कोहरे की मार के चलते दिल्ली में दृश्यता घटकर जीरो रह गई। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक रविवार 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली का एक्यूआई 455 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में है। कहा जा सकता है कि दिल्ली अब पूरी तरह से अब गैस चैंबर बन चुकी है जिसमें सांस लेना दूभर हो गया है।

जानकारी अनुसार दिल्ली के आइजीआई एयरपोर्ट पर रविवार को कोहरे के चलते हवाई परिवहन बाधित हुआ, विमानों के आवागमन में देरी हुई। खबरों के अनुसार प्रस्थान की 85 प्रतिशत उड़ानें कोहरे के चलते अपने तय समय से देरी से चली। मौसम विभाग ने पहले ही कोहरे की चेतावनी जारी कर दी थी। सुबह 5 बजे से 10 बजे के बीच उड़ानों पर सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। जबकि इस दौरान कैट-तीन सुविधा वाली उड़ानें कम प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, कोई भी उड़ान रद्द नहीं हुई। मौसम विभाग ने सुबह माडरेट टू डेंस फाग की भविष्यवाणी की थी, जिसे देखते हुए एयरपोर्ट पर लो विजिबिलिटी प्रोसीजर्स लागू किए गए। रविवार तड़के एयरपोर्ट के रनवे पर दृश्यता काफी काफी कम हो गई। न्यूनतम दृश्यता 350-400 मीटर तक दर्ज की गई, जो बाद में थोड़ी सुधरी। खबरों के अनुसार दोपहर बाद दृश्यता 1300-1700 मीटर तक पहुंच गई, जिससे स्थिति सुबह की तुलना में स्थिर हो गई, लेकिन यह स्थिति कुछ ही देर रही।

दूसरी तरफ सड़कों पर सुबह के समय दृश्यता कम होने के चलते वाहनों को चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वीकेंड का अवकाश होने के चलते सड़कों पर वाहनों की संख्या कम रही वर्ना कोहरे के चलते जगह जगह जाम के हालात पैदा हो सकते थे। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से महज 0.4 डिग्री कम है।

## डीएमआरसी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिट का पुरस्कार दिल्ली मेट्रो को किया प्रदान

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के लिए एक और गौरव का क्षण उस समय आया जब भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिट का पुरस्कार डीएमआरसी को प्रदान किया। एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह सम्मान डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉक्टर विकास कुमार ने ग्रहण किया। इस मौके पर राष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल सहित अन्य मौजूद थे।

इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह पुरस्कार मेट्रो की कार्य प्रणाली को और विश्वसनीय व उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। दयाल के अनुसार रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह के दौरान माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार पिंक लाइन के ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 के तहत मेट्रो स्टेशनों के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने देश भर की विभिन्न मेट्रो रेल प्रणालियों से प्राप्त आवेदनों के बहुत व्यापक मूल्यांकन के बाद इस स्टेशन का चयन किया।

ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल विद्युत ऊर्जा खपत के किलोवाट और ऊर्जा प्रदर्शन सूचकांक (ईपीआई) 2 वर्ष में किलो वाट खपत में महत्वपूर्ण और लगातार कमी करके यह उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए विभिन्न उपकरणों के ऊर्जा उपयोग की नियमित निगरानी की गई तथा लक्षित ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करते हुए 2X28 वाट के 405 मौजूदा पारंपरिक प्रकार के ट्यूब लाइट फिक्स्चर को 2X14 वाट एलईडी ट्यूब लाइट से बदला गया। दयाल के अनुसार स्टेशन पर 150 किलो वाट पावर का एक समर्पित रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित है, जो सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकता का 49 प्रतिशत पूरा करता है।

## दिल्ली में खेती की जमीन का तैयार होगा जियो-मैप : रेखा

### फर्जी दावे, गलत एरिया दिखाना और फर्जी दस्तावेज जैसी समस्याएं होंगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने खेती और किसानों से जुड़े पूरे ढांचे को डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए केंद्र सरकार की सास्की (पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता) योजना के अंतर्गत दिल्ली में किसानों की डिजिटल पहचान और खेती की जमीन का जियो-मैप तैयार करने का फैसला लिया है। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के लिए केंद्र सरकार दिल्ली को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। यह सहायता किसी अनुदान की तरह एकमुश्त नहीं, बल्कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के आधार पर दी जाएगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस प्रभावी निर्णय से खेत का वास्तविक रिकॉर्ड तैयार होगा और फसल बीमा, मुआवजा, समर्थन मूल्य और अनुदान जैसी योजनाओं में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह व्यवस्था किसानों को पहचान दिलाएगी और उन्हें अधिकार व सिस्टम में पारदर्शता देगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की सास्की (एसएएससीआई) योजना का उद्देश्य उन राज्यों को प्रोत्साहन देना है जो कृषि को डिजिटल प्रणाली से जोड़ते हैं। इसके तहत दिल्ली में राज्य किसान रजिस्ट्री और डिजिटल फसल सर्वेक्षण लागू किए जाएंगे। जैसे-जैसे दिल्ली सरकार इन दोनों कार्यों को पूरा करेगी, वैसे-वैसे केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता जारी होती जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने देश-भर के राज्यों के लिए कुल 5 हजार करोड़ की विशेष केंद्रीय सहायता घोषित की है। यह राशि उन राज्यों को मिलेगी जो किसानों और खेती की जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करेंगे।

#### मैनुअल गिरदावरी की जगह अब डिजिटल फसल सर्वे होगा

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में पहली बार मैनुअल गिरदावरी की जगह डिजिटल फसल सर्वे होगा। हर खेत की जियो-लोकेशन दर्ज होगी। फसल की तस्वीर ली जाएगी और उसे सैटेलाइट मैप से जोड़ा जाएगा। इससे किसी भी खेत का वास्तविक रिकॉर्ड तैयार होगा और फसल बीमा, मुआवजा, समर्थन मूल्य और अनुदान जैसी योजनाओं में कोई गड़बड़ी नहीं होगी। सभी कृषि जमीन का जियो-रेफरेंसिंग किया जाएगा, जिससे जमीन का नक्शा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। प्रत्येक खेत को 20 मीटर की सटीकता के साथ दर्ज किया जाएगा। इससे नकली दावे, गलत एरिया दिखाना और फर्जी दस्तावेज जैसी समस्याएं समाप्त होंगी।

### सीएक्यूएम ने प्रदूषण के चलते दिल्ली में ओपन एयर खेलों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार बढ़ते प्रदूषण को लेकर लगातार दूसरे दिन वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक और कठोर कदम उठाते हुए बाहरी मैदान यानी ओपन एयर के किसी प्रकार के खेलों पर रोक लगा दी है। यानी राजधानी सहित पूरे एनसीआर में बाहर मैदान में खेले जाने वाले किसी भी प्रकार के खेल कूद गतिविधियों पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जैसे फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट आदि खेल शामिल है। वीकेंड, रविवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का आंकड़ा 455 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में है। ओपन एयर खेलों पर प्रतिबंध से पहले शनिवार को सीएक्यूएम ने वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा चरण लागू कर दिया गया था। जानकारी अनुसार सीएक्यूएम ने दिल्ली सहित एनसीआर की सभी राज्य सरकारों को बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दे दिया है। इसके अलावा सख्त चेतावनी दी है कि खराब वायु गुणवत्ता के बीच ऐसे आयोजनों का निरंतर संचालन बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। आयोग ने शनिवार को ही दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर बताया था कि इस बात से चिंतित है कि 19 नवंबर के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप जारी किए गए निर्देशों के बावजूद दिल्ली-एनसीआर के कुछ स्कूल और संस्थान अब भी बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। सीएक्यूएम ने कहा कि खराब वायु गुणवत्ता के दौरान बाहरी शारीरिक गतिविधियों को जारी रखना उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों और आयोग के निर्देशों की भावना और उद्देश्य के विपरीत है। क्योंकि आयोग ने 19 नवंबर को लिखे एक पत्र में नवंबर और दिसंबर के दौरान निर्धारित शारीरिक खेल प्रतियोगिताओं को तुरंत स्थगित करने का आह्वान किया था।

## एनडीएमसी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत रविवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने संजय झील, लक्ष्मीबाई नगर में विशेष वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुबह की सैर के लिए आए नागरिकों, परिषद के अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपनी-अपनी माँ के नाम पौधे लगाए और उनके संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं लेने का संकल्प लिया। चहल ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि माँ और प्रकृति के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का संकल्प है। माँ के नाम लगाया गया प्रत्येक पौधा भावनात्मक जुड़ाव के साथ उसके संरक्षण का भी प्रतीक है।' एनडीएमसी उपाध्यक्ष चहल ने उत्साहपूर्वक बताया कि वह अब हर परिषद अपने क्षेत्र के प्रमुख पार्कों, गार्डनों, आवासीय स्थानों और बाजारों में पौधे लगाएंगी तथा जिस प्रकार माँ देखभाल करती हैं, उसी भावना से पौधों की जिम्मेदारी भी ली जाएगी। चहल ने एनडीएमसी की वर्ष 2025 में किए गए वृक्षारोपण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर 2025 के बीच एनडीएमसी ने अपने क्षेत्र में 3,426 पेड़, 29 लाख 93 हजार 429 झाड़ियाँ और 502 बांस के पौधे लगाए हैं।

### 'आप' ने जिन अस्पतालों का निर्माण शुरू किया था, उन्हें निजी कंपनियों को सौंप रही भाजपा : सौरभ



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने 11 बड़े सरकारी अस्पतालों का निर्माण शुरू किया था और अब भाजपा सरकार इन्हें बड़ी कंपनियों को सौंप रही है। रविवार को एक्स पर सौरभ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 11 बड़े सरकारी अस्पताल बनाने शुरू किए थे और अब भाजपा सरकार उन्हें बड़े कॉर्पोरेट को सौंप रही है। इन अस्पतालों में 4,314 आईसीयू बेड सहित 10,073 बेड हैं। इन्हें दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज देने के लिए बनाया जा रहा था। क्या हजारों करोड़ की जमीन और बिल्डिंग कॉर्पोरेट को सौंपी जा रही है। एक और पोस्ट में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जैसा कि कुछ महीने पहले कहा गया था, भाजपा सरकार आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा शुरू किए गए 11 सरकारी अस्पतालों को प्राइवेट कंपनियों को सौंप रही है। जब प्राइवेट अस्पतालों की कोई कमी नहीं है और लोगों को असल में सरकारी अस्पतालों की जरूरत है, तो जनता के पैसे से बने अस्पतालों को प्राइवेट अस्पतालों में क्यों बदला जा रहा है। क्या करोड़ों की सरकारी जमीन और करोड़ों रुपये से बनी सरकारी संपत्तियों की लूट शुरू हो गई है। सौरभ ने कहा कि भाजपा ने 1 लाख करोड़ का झूठा बजट बनाया, फिर भी क्या सरकार के पास अस्पताल बनाने के लिए सच में पैसे नहीं हैं।

### समाज कल्याण मंत्री ने फिर दिया आधार कार्ड बनाने का आश्वासन

# 'कब मिलेगी सौ फीसद दिव्यांग को पेंशन? परिजन परेशान'

दया राम ⏭ नई दिल्ली



देश की राजधानी दिल्ली में समाज कल्याण विभाग की संवेदनहीनता एक बार फिर उजागर हुई है। 100 प्रतिशत दिव्यांग युवक मोहित शर्मा को मिलने वाली मासिक पेंशन 'पिछले वर्ष नवंबर 2024 से बंद पड़ी है, जबकि यह मामला छह माह पहले दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज के संज्ञान में भी आ चुका है। इसके बावजूद आज तक न तो पेंशन बहाल हुई और न ही कोई स्थायी समाधान निकल सका। वहीं, रविवार को इस संबंध में मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने फिर कहा है कि उनका आधार नहीं बना है तो जल्द ही बनवाया जाएगा और पेंशन फिर बहाल हो जाएगी। परिवार के अनुसार दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के हमीदपुर गांव में रहने वाले मोहित शर्मा पूरी तरह से अस्थिर दिव्यांग हैं। परिवार के दिव्यांग की हालत ऐसी है कि वह 'एक सेकंड के लिए भी स्थिर नहीं रह सकते', जिससे उनका आधार कार्ड बनवाना संभव नहीं हो पा रहा था लेकिन मंत्री रविन्द्र इन्द्राज से मिलने के बाद आधार कार्ड की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन छ माह बीतने के बाद भी आधार कार्ड अभी तक जारी नहीं हुआ है। परिजनों का कहना है कि जब दिव्यांग शारीरिक रूप से आधार बनवाने में सक्षम नहीं है, तो वैकल्पिक पहचान व्यवस्था क्यों नहीं? मंत्री के संज्ञान में आने के छह माह बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं? क्या दिव्यांगों की पेंशन फाइलों तक ही सीमित रह जाएगी?

#### 'आधार नहीं, इसलिए काट दी पेंशन'

परिवार के अनुसार, समाज कल्याण विभाग द्वारा नवंबर माह में किए गए पेंशन सत्यापन सर्वे के दौरान 'सिर्फ आधार कार्ड उपलब्ध न होने' के कारण मोहित शर्मा की पेंशन बंद कर दी गई। हैरानी की बात यह है कि विभाग ने यह जानने के बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की कि दिव्यांग युवक शारीरिक रूप से आधार बनवाने में सक्षम ही नहीं है और आधार बनने के समय स्थिरता नहीं होने से आधार भी नहीं बन पा रहा है।

#### 'परिजन काट रहे विभागों के चक्कर'

दिव्यांग युवक के पिता श्याम लाल शर्मा का कहना है कि उन्होंने कई बार आधार केंद्रों और समाज कल्याण विभाग के कार्यालयों के चक्कर काटे, लेकिन हर जगह सिर्फ "प्रक्रिया में है" का हवाला देकर उन्हें लौटा दिया गया। पिता श्याम लाल शर्मा ने कहा कि 'मेरा बेटा सौ फीसद दिव्यांग है। वह फोटो के लिए आंख और चेहरा स्थिर नहीं रख सकता। इसी वजह से आधार नहीं बन पा रहा, लेकिन बिना आधार पेंशन भी नहीं दी जा रही।'

#### 'विधायक और मंत्री से भी लगाई गुहार'

परिवार ने इस मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक राज करण खत्री से भी मदद मांगी। विधायक ने संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने की बात कही। इसके बाद परिवार ने दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज से भी मुलाकात की। मंत्री ने इसे 'गंभीर मामला' बताते हुए दिव्यांग के हित में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था। हालांकि, मंत्री के संज्ञान में मामला आए छह माह बीत चुके हैं, लेकिन आज तक न तो पेंशन बहाल हो सकी और न ही आधार संबंधी समस्या का कोई समाधान निकाला गया।

#### 'पहले ऐसे बनी थी पेंशन'

दिव्यांग युवक के पिता ने बताया कि करीब 'दस साल पहले', जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की "49 दिन की सरकार" बनी थी, उस समय तत्कालीन विधायक के 'एक पत्र के आधार पर मोहित शर्मा की दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की गई थी'। तब दिव्यांग की गंभीर स्थिति को देखते हुए आधार जैसी शर्तें बाधा नहीं बनीं। लेकिन अब नियमों का हवाला देकर उसी दिव्यांग की पेंशन काट दी गई है।

## मुंडका-कराला रोड पर भूमिगत केबल खुदाई से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के मुंडका-कराला रोड एवं मुबारकपुर क्रॉसिंग से मुबारकपुर डबास तक चल रही भूमिगत बिजली केबल बिछाने की खुदाई के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। इसके चलते उनके रोष व्याप्त है।

लंबे समय से सड़क बाधित रहने और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बंद होने पर जब चौगामा विकास समिति (मुबारिकपुर डबास, मदनपुर डबास, रानीखेड़ा, रसूलपुर) ने दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, डिविजनल कमिश्नर और क्षेत्रीय डीएम को बार-बार पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया, तब जाकर क्षेत्रीय एसडीएम प्रशासन हरकत में आया और बिजली कंपनी को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए।

चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने एक महीने से भी अधिक समय तक शिकायतों को संज्ञान में नहीं लिया, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ती गईं।

### एमसीडी की विशेष बैठक आज, नव-निर्वाचित पार्षद लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय सिविक सेंटर में आज एक विशेष सदन बैठक में 12 नव-निर्वाचित नगर निगम पार्षदों द्वारा शपथ ली जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले सभी लंबित विषयों पर सदन बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। निगम प्रशासन के अनुसार, बैठक का उद्देश्य नवनिर्वाचित पार्षदों की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण करना और निगम से जुड़े महत्वपूर्ण लंबित मामलों पर निर्णय लेना है। बैठक में निगम के कार्यों और भविष्य की योजनाओं से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**

### तैराकों ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता



**फरीदाबाद।** अंडरवॉटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित थर्ड ओपेन वॉटर नेशनल फिनस्विमिंग प्रतियोगिता चिबला बीच, मालवन, महाराष्ट्र में संपन्न हुई। इस राष्ट्रीय स्तर की हरियाणा के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। फरीदाबाद के डीसी मॉडल स्कूल के कक्षा 11 के छात्र उदित मलिक ने समग्र फिन स्विमर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का गौरव बढ़ाया। भारद्वाज ने 1 किलोमीटर की रेस में रजत पदक प्राप्त किया।

### देवेन्द्र शर्मा बने सेना में लेफ्टिनेंट



**फरीदाबाद।** मन में देश प्रेम का जज्बा और देश के लिए कुछ का गुजरने की तमन्ना हो तो दुनिया में कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। यह सच साबित कर दिया है संजय कालोनी निवासी देवेन्द्र शर्मा ने। कड़ी मेहनत के बल पर देवेन्द्र शर्मा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए है। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित समारोह में देवेंद्र शर्मा को लेफ्टिनेंट की उपाधि से नवाजा गया, लेफ्टिनेंट बनने से देवेन्द्र शर्मा के परिवार, गांव और संजय कालोनी में खुशी की लहर दौड़ गई।

### गौतम चौधरी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने



**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 स्थित राजस्थान भवन में आयोजित फरीदाबाद एसोसिएशन की एक्सक्यूटिव बॉडी मीटिंग में सर्वसम्मति से समाजसेवी और प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। यह कार्यकाल दो साल का रहेगा। मीटिंग में अरुण कुमार सराफ वाइस प्रेसिडेंट, उमेश झांवर सैक्रेटरी, अश्वनी शर्मा ज्वाइंट सैक्रेट्री, गुलाब चंद को कोषाध्यक्ष चुना गया। राजस्थान एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने पर गौतम चौधरी ने चीफ पैटर्न टीएम, एस पी , एम पी रुंगटा, अरुण बजाज और पास्ट प्रेसिडेंट मनोज अग्रवाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया है।

---

सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में 'सुरक्षा, संस्कृति और शौर्य' का उद्घोष

# सनातन प्रवाह में बाधा डालने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की पुनर्स्थापना के बाद समय का चक्र बदल गया है और भारतीय संस्कृति का पुनः उदय दिखाई देने लगा है। यह बात केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में कही।

**सनातन धर्म किसी के विरोध में नहीं**



#### सनातन धर्म किसी के विरोध में नही

उन्होंने कहा कि देश आज सांस्कृतिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। सनातन धर्म किसी के विरोध में नहीं है, लेकिन सनातन प्रवाह में बाधा डालने वालों को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले ने पिछले 25 वर्षों से न केवल साधकों की आध्यात्मिक उन्नति की है, बल्कि समाज में नैतिकता, राष्ट्रबोध और धर्मचेतना का संचार किया है। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक देश का हर अतिक्रमित हिंदू मंदिर मुक्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि अनेक राज्यों में सरकार केवल हिंदू मंदिरों का ही नियंत्रण क्यों लेती है। क्या सरकार को मस्जिदों या चर्चों की अव्यवस्था नजर नहीं आती? मंदिर मुक्ति कानून कब लाया जाएगा।

#### सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव से धर्म की विजय होगी

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि शंखनाद सदैव धर्म-अधर्म के संघर्ष का प्रतीक है। दिल्ली में हो रहे इस 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' से यह विश्वास बढ़ा है कि धर्म की ही विजय होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकवादी हमलों से यह स्पष्ट हुआ है कि जिहाद का संबंध अशिक्षा या गरीबी से नहीं, बल्कि कट्टर मानसिकता से है।

#### घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना अति अत्यावश्यक

वहीं प्रधान संपादक डॉ. सुरेश चव्हाणके ने कहा कि, हिंदू शारीरिक युद्ध में सक्षम है, पर वैचारिक संघर्ष में वह पीछे रह गया है। 'हम दो, हमारे दो' की नीति से हिंदुओं का जनसंख्या अनुपात तेजी से घटा है। देश की सुरक्षा हेतु एनआरसी लागू कर घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना अब अत्यावश्यक हो गया है।

---

सूरजकुंड में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव का समापन

# देश की सांस्कृतिक समरसता को ताकत देगा गुर्जर महोत्सव: राजेश नागर

मंत्री नागर ने कहा मेला देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव का आज समापन हो गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गुर्जर महोत्सव देश के सांस्कृतिक समरसता को ताकत देने का काम करेगा। इस अवसर पर कश्मीर से सांसद मियां अल्ताफ अहमद लारवी भी मौजूद रहे। उन्होंने गुर्जर महोत्सव को देश की एकता के लिए उठाया बड़ा कदम बताया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस गुर्जर महोत्सव में रिकॉर्ड तोड़ संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। हम इस मेले को अगली बार इससे भी बड़ा करेंगे और इसे इंटरनेशनल पहचान देंगे।

#### देश की एकता के लिए उठाया बड़ा कदम

नागर ने कहा कि यह मेला देश की सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती देगा वहीं गूजरी संस्कृति को दुनिया भर में पहुंचाने का काम करेगा। इस सुंदर और सफल आयोजन में मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू कश्मीर और दिल्ली आदि जगहों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने इसकी प्रशंसा की है। गुर्जर महोत्सव के सफल आयोजन पर मैं आयोजकों को बधाई देता हूं। मंत्री राजेश नागर ने मौजूद सभी लोगों से अपील की कि वह अगले साल आयोजित होने वाले इस गुर्जर महोत्सव की तैयारी में आज से लग जाएं और अपना भरपूर सहयोग पूरी टीम को दें। इस अवसर पर गुर्जर समाज के विद्वान, प्रोफेशनल्स और कलाकारों ने लोगों के बीच अपना परिचय दिया जिसे लोगों ने तालियों के साथ समर्थन दिया वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने परंपरागत गूजरी पोशाक में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



**महोत्सव में रिकार्ड तोड़ संख्या में लोग पहुंचे**

#### महोत्सव में देश भर से लाखों लोग पहुंच रहे हैं

गौरतलब है कि 12 दिसंबर से आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश भर से लाखों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भागीदारी की है। जिससे इस मेले का महत्व और बढ़ गया है।

---

छापामारा कार्रवाई में आपत्तिजनक सामग्री बरामद

## देहव्यापार कराने वाली महिला समेत दो लोगों को किया गिरफ्तार, तीन युवती कराई मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद पुलिस ने सोमवार को लाजपत नगर चौकी शनिचौक के एक मकान में छापा मारकर अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान देहव्यापार कराने वाली महिला व एक ग्राहक को गिरफ्तार कर तीन महिलाओं को मुक्त कराया है। उनके कब्जे से 1 मोबाइल फोन, अनैतिक देह व्यापार से संबंधित 4,300/- रुपए व आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया गया है ।

शनिवार की रात्रि में सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद को मुखबिर के जरिये सूचना प्राप्त हुई कि डी 60 लाजपत नगर चौकी शनिचौक थाना साहिबाबाद क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार का कारोबार किया जा रहा है। जिसमें भोली भाली गरीब महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है । जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद व थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा डी ब्लाक लाजपत नगर चौकी शनिचौक में दबिश देकर अनैतिक देह व्यापार में 3 पीड़ित महिला को रेस्क्यू किया गया तथा अनैतिक देह व्यापार कराने वाले राजेश सिंह को संचालिका को पुलिस हिरासत में लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि अभियुक्ता ने डी ब्लाक लाजपत नगर साहिबाबाद में एक फ्लैट किराये पर लिया था, किराए पर लिए गए फ्लैट में अभियुक्ता उपरोक्त अनैतिक देह व्यापार करने लगी । जिसमें मोबाइल फोन से व्हाट्सअप के माध्यम से फोटो भेजकर डी ब्लाक लाजपत नगर का पता देकर बुलाती था और प्रतिग्राहक 400 रुपए लेती थी । जिसमें से अभियुक्ता प्रति महिला 200 रुपए देती थी, बाकी बचे हुए रुपए अभियुक्ता रख लेती थी । अभियुक्त उपरोक्त पहले से ही आता जाता रहता था।

---

## कैबिनेट मंत्री गोयल ने वायु प्रदूषण से निजात दिलवाने के लिए एंटी स्मोकगन मशीन गाड़ियों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सागर सिनेमा से एंटी स्मोकगन मशीन युक्त गाड़ियों सहित वॉटर टैंकरों तथा स्वीपिंग मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह पहल वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वच्छ हवा हर नागरिक का अधिकार है और सरकार इस



अधिकार की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एंटी स्मोकगन मशीनें वायु में मौजूद धूल एवं प्रदूषक कणों को नियंत्रित करने में सहायक होंगी, जिससे शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ठोस और व्यावहारिक कदम उठा रही है। यह पहल सरकार की गंभीर सोच और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक है। मंत्री गोयल ने यह भी कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहायक हैं, बल्कि नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर राष्ट्रहित में सहभागी बनने का संदेश देते हैं।

मंत्री विपुल गोयल ने दोहराया कि सरकार स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संतुलन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में प्रदूषण नियंत्रण के लिए और भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

---

जीडीए उपाध्यक्ष की सख्ती के बाद दो निजी बिल्डर्स ने प्रक्रिया की पूर्ण

## प्रधानमंत्री आवासीय योजना में भवनों के लिए पंजीकरण आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल की सख्ती अब असर दिखाने लगी है। निजी विकासकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी श्रेणी के भवनों के निर्माण में हो रही देरी को लेकर प्राधिकरण द्वारा अपनाए गए कड़े रुख के बीच आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक अवसर सामने आया है। अब आवेदक अपने आवास के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए 15 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 की तिथि घोषित की गई है।

निजी विकासकर्ता मैसर्स एसजीएस कन्स्ट्रक्शन एंड



डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना एसजीएस सिटी-1 एवं सिटी-2 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन दुर्बल आय वर्ग (ई डब्ल्यू एस) के कुल 1493-1493 भवनों के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकेगा। इससे लंबे समय से किफायती आवास की प्रतीक्षा कर रहे पात्र आवेदकों को सीधा लाभ मिलेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष किशोर कलाल ने बताया कि वर्तमान में दुर्बल आय वर्ग के प्रति भवन का अंतिम मूल्य 4.98 लाख निर्धारित किया गया है। इस राशि में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 1.50 लाख तथा राज्य सरकार द्वारा 1.00 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस प्रकार कुल 2.50 लाख की अनुदान राशि घटने के बाद प्रति फ्लैट आवंटी को केवल 1.98 लाख का ही वहन करना होगा, जिससे यह योजना आमजन के लिए अत्यंत किफायती बन जाती है। परियोजना की वास्तविक लागत के आधार पर नियमानुसार इसमें आंशिक कमी अथवा वृद्धि संभव है।

---

भाटिया सेवक समाज ने अस्पताल का निरीक्षण किया

## धर्मार्थ कार्यों के लिए समाज सभी वर्गों को आगे आने की जरुरत: धनेश अदलक्खा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलक्खा ने कहा कि धर्मार्थ कार्यों के लिए समाज के सभी वर्गों को बढ़-चढ़कर दान करना चाहिए।

दान से न केवल ऐसी संस्थाओं को मजबूती मिलती है, बल्कि जरूरतमंद और गरीब मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध हो पाता है। उन्होंने भाटिया सेवक समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा संचालित अस्पताल समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। विधायक धनेश अदलक्खा ने रविवार को एनआईटी-2 स्थित भाटिया सेवक समाज द्वारा संचालित चैरिटेबल अस्पताल का अवलोकन किया और वहां मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तथा उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान संस्था के प्रधान मोहन सिंह भाटिया व सी दास ग्रुप के चेयरमैन बीआर भाटिया मौजूद रहे।

विधायक धनेश अदलक्खा ने कहा कि भाटिया सेवक समाज द्वारा संचालित यह चैरिटेबल अस्पताल समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां उपलब्ध नेत्र जांच एवं नेत्र शल्य चिकित्सा से जुड़ी नवीनतम मशीनें कई निजी डॉक्टरों और क्लीनिकों में भी उपलब्ध नहीं हैं।

---

लोगों ने फ्री चेकअप कैंप में स्वास्थ्य की जांच कराई

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व आईएमए ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गुरुद्वारा गांधीनगर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गांधीनगर और आईएमए ने एक फ्री चेकअप कैंप लगाया। जिसका उद्घाटन आडिशनल पुलिस आयुक्त क्राइम केशव चौधरी ने किया। जिसमें अनेक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कैंप सुबह ग्यारह बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक चला।

गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि हर समाज में हर जाति में कुछ ऐसे परिवार होते हैं जो महंगाई होने की वजह से डॉक्टरों की फीस बहुत



अधिक हो जाने पर फायदे के लिए खाए जाने वाली दवाइयों की कीमत बहुत अधिक होने पर अपना प्रॉपर इलाज नहीं करा पाते हैं । जिसका वक्त निकल जाने पर शारीरिक रूप से काफी नुकसान इंसान को झेलना पड़ता है। ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए इस तरीके के फ्री चेकअप कैंप अलग अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां करती रहती है। गुरु ग्रंथ साहब के सामने नकमस्तक होकर फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथियों का गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से गुलदस्ता देकर फूल मालाओं के द्वारा स्वागत किया गया।

---

नरसिंम्हानंद गिरि महाराज ने हिंदू समाज के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डाला

# यह बुद्ध का नहीं, युद्ध का देश है: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामीश्री शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि इस देश के नेता कहते हैं कि यह युद्ध का नहीं, बुद्ध का देश है, लेकिन सच तो यह है कि यह बुद्ध का नहीं, युद्ध का देश है। सनातन वर्ण व्यवस्था में तो एक चौथाई आरक्षण युद्ध लड़ने वाले वीरों के लिए था। क्षत्रिय वर्ण में कोई बूढ़ा हो जाता था तो समाज में उसका सम्मान नहीं होता था कि अरे इसने शायद कोई युद्ध नहीं लड़ा है, तभी इतने वर्ष तक जीवित है। यह सदा से वीरों का देश रहा है। बुद्ध का देश कह इसकी असली पहचान को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।



#### विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 78 लोगों को शंकराचार्य ने सम्मानिति किया

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती कुरुक्षेत्र गुरुकुलम फाउंडेशन (केजीएफ) द्वारा आयोजित 'कुरुक्षेत्र धर्मालंकरण समारोह -2025' में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर सनातन मूल्यों को ध्यान में रखकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 78 लोगों को शंकराचार्य ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में लेखक, पत्रकार, चिकित्सक, उद्यमी, फिल्मकार एवं समाज के अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल थे। देश की स्वतंत्रता के 78 वर्ष होने पर केजीएफ ने सनातन धर्म के लिए कार्यरत 78 का चयन किया था।
शंकराचार्य ने कहा कि अभी हमारे प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा तीर्थ नाम दे दिया गया। क्या यह उचित है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि धर्म के शब्दों का मनमाना उपयोग नहीं होना चाहिए। एक साधारण हिंदू भी जानता है कि 'तीर्थ' वह है जहां पाप से मुक्ति मिलती है। क्या प्रधानमंत्री कार्यालय जाकर पाप से मुक्ति मिलती है। ऐसे मनमाने शब्द का प्रयोग कर यदि हम अपने सचिव को प्रधानमंत्री बुलाने लगें तो राजनेताओं को कैसा लगेगा। जब हम राजनीति के शब्दों का मनमाना प्रयोग नहीं करते तो राजनेता धार्मिक शब्दों का मनमाना प्रयोग कैसे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि आज इस 'अलंकरण समारोह' से एक दीप प्रज्वलित हुआ है कि जो लोग सनातन धर्म और समाज के लिए कार्य कर रहे हैं।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अनुरंजना, पत्नीः अनिल पाल, निवासीः सी–106, गली नंबर 10, खजूरी खास, दिल्ली–110094** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No.18720/2018 U/S 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना सब्जी मंडी, उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अनुरंजना** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अनुरंजना** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि उक्त **अनुरंजना**, **CC No.18720/2018 U/S 138 NI ACT** के तहत **थाना सब्जी मंडी, उत्तरी जिला, दिल्ली** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **19.01.2026** को सुबह **10.00 बजे** या उससे पहले न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री आरुषि परवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
केंद्रीय अनुलग्नक–01, कमरा संख्या 02,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/16775/N/2025
(अदालती मामला)

# भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन

# 26 की उम्र में पिता को खोया, कभी नहीं हारा चुनाव

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नवीन बिहार में भाजपा के कद्दावर नेता रहे नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे हैं। 26 साल की उम्र में पिता को अचानक खोने के बाद नितिन ने राजनीति में कदम रखा था।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा आलाकमान ने उन्हें बड़ा पद देकर एक बार फिर अपने फैसले से लोगों को चौंकाया है। नितिन पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार 4 बार के विधायक हैं, एक बार वे पटना पश्चिम से विधायक रहे। अभी नीतीश सरकार में पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें राजनीति विरासत में मिली है। नितिन नवीन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा बिहार में भाजपा के कद्दावर नेता रहे थे। पिता के आकस्मिक निधन के बाद ही नितिन ने राजनीति में कदम रखा था।



### भाजपा की युवा विंग भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव रह चुके

बिहार में भाजपा का प्रमुख कायस्थ चेहरा माने जाने वाले नितिन नवीन की संगठन में अच्छी खासी पकड़ है। वह भाजपा की युवा विंग भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। उनकी छवि साफ नेता और गैर विवादित रही है। यही कारण है कि भाजपा ने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

## पिता की विरासत को आगे बढ़ाने राजनीति में उतरे

नितिन नवीन का जन्म पटना में 23 मई 1980 को हुआ था। उनकी पढ़ाई दिल्ली से हुई। नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा भाजपा के दिग्गज नेता रहे, जिन्होंने जेपी आंदोलन से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। 2005 में 55 साल की उम्र में नवीन किशोर का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। उस समय नितिन महज 26 साल के थे। युवा उम्र में पिता को खोने का उन्हें गहरा सदमा लगा। मगर उन्होंने संबल नहीं तोड़ा और पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वे राजनीति में उतर गए। पिता के निधन के बाद खाली हुई पटना पश्चिम विधानसभा सीट पर 2006 में नितिन ने भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ा और जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंच गए। इसके बाद वे कभी चुनाव नहीं हारे। 2008 के परिसीमन में पटना पश्चिम का नाम बांकीपुर विधानसभा हो गया। 2010 से लेकर 2025 तक हुए 4 चुनावों में नितिन लगातार बांकीपुर से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस साल के विधासनभा चुनाव में उन्होंने राजद की रेखा कुमारी को लगभग 51 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया था। नितिन नवीन को पहली बार फरवरी 2021 में नीतीश कैबिनेट में जगह मिली। पिछले महीने जब राज्य में चुनाव के बाद नई सरकार का गठन हुआ तो उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया। अभी वे पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 3 लाख में बेचा मासूम पुलिस ने कर लिया रेस्क्यू

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में पुलिस ने पांच दिन के एक नवजात लड़के को बचाया, जिसे कथित तौर पर एक दंपति को तीन लाख रुपए में बेच दिया गया था। पुलिस ने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचित किए जाने के बाद पता चला।



### पटना में वार्ड सदस्य के पति को मारी गोली

**पटना।** जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र में अपराधियों ने वार्ड सदस्य के पति को गोली मार दी। सूचना मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और घायल को नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एनएमसीएच रेफर कर दिया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन समारोह

# सीएम योगी बोले- सरकार व संगठन मिलकर उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीते आठ वर्षों में प्रदेश के विकास पर चर्चा की और कहा कि संगठन और सरकार मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के औपचारिक एलान के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और कहा कि अब सरकार व संगठन मिलकर आगे बढ़ेंगे और उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो प्रदेश की पहचान बदलनी शुरू हुई। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ जिससे निवेशकों ने प्रदेश की ओर देखना शुरू किया। हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिलता रहा। हमने जब भी केंद्र से यूपी के विकास को लेकर कोई मांग की वो पूरी हुई। प्रदेश में पहली बार निवेशकों के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ।




### विरासत और विकास के साथ होती है यूपी

उन्होंने कहा कि अब यूपी की पहचान विकास और विरासत के साथ होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह किया। राम मंदिर का उद्घाटन हुआ और अभी 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह कर राम मंदिर के पूर्ण होने की घोषणा की गई। यह भाजपा की सरकार में ही संभव हो सका है कि अब यूपी की पहचान विकास, विरासत और अच्छी कानून व्यवस्था के कारण होती है। सबसे ज्यादा हाईवे यूपी में हैं। सबसे ज्यादा मेट्रो रेल संचालित करने वाला राज्य यूपी है। यह सब डबल इंजन की सरकार के कारण ही संभव हो सका है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं से बोले नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

## आपके लिए लड़ूंगा, सुनूंगा और मरूंगा

नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा, मुझे रूल नहीं करना, अपना रोल अदा करना है। संगठन का जो भी अपने आदेश है, वह हमारी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, आपके लिए लड़ूंगा, सुनूंगा और मरूंगा। कार्यकर्ता कभी भूतपूर्व नहीं होता है। इसलिए कार्यकर्ता ही असली पूंजी है। सभी के राजनीतिक अनुभव का लाभ लिया जाएगा। अपनी ताजपोशी के बाद पंकज चौधरी रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।



### सरकार के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाए कार्यकर्ता

उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी होगी कि वह सरकार के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाए। उन्होंने कहा, मैं नेतृत्व शब्द के मायने साफ करना चाहता हूं। केवल आदेश देना ही नेतृत्व नहीं, आपके और सरकार के बीच समन्वय की जिम्मेदारी मेरी है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी होगी कि वह सरकार के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, मैं इस समय भावुक भी हूं। यह सफर आज इस पड़ाव तक आ पहुंचा है।

### 26 साल की उम्र में लड़ा था सांसद का चुनाव

अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा, राजनीतिक जीवन का आरंभ सुनियोजित नहीं था। गलत के सामने हार न मानने यहां आया। डिप्टी मेयर के चुनाव में कानूनी बाधाएं डाली गईं जो अनुचित थीं। लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ा। भाजपा ने 26 साल की उम्र में मुझे महराजगंज से चुनाव लड़ने का आदेश दिया। न मैंने भाजपा छोड़ी न महराजगंज। उन्होंने कहा, राजनीति में कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष महत्वपूर्ण हैं। कार्यालय मंदिर है। कार्यकर्ता बल और पूंजी हैं। इस मंच से कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि आपके लिए लड़ूंगा, सुनूंगा और मरूंगा।

### दोनों शहरों के बीच इकोसिस्टम होगा मजबूत

# कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनेगा 'स्टार्टअप कॉरिडोर'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम का नया इंजन बनने को तैयार है। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद यह महत्वपूर्ण मार्ग महज आवागमन का जरिया नहीं, बल्कि नवाचार व उद्यमिता के विकास का कॉरिडोर बनने जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के चालू होते ही लखनऊ उत्तर भारत में नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए एक अभूतपूर्व आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ़ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन, दीपक मैनी का कहना है कि जिस गति से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, वह स्टार्टअप और नवाचार को एक नई दिशा देगा।



### कनेक्टिविटी में क्रांति स्टार्टअप्स के लिए सुगम व्यापार


एक्सप्रेस-वे के पूरा होने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय दो घंटे से घटकर मात्र कुछ मिनटों तक सीमित हो जाएगा। यह गतिशीलता स्टार्टअप्स के लिए एक क्रांति लाएगी, जिससे बिजनेस मीटिंग्स, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम और लागत प्रभावी होंगे। यह मार्ग एक शक्तिशाली आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा, जो उद्योग, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करते हुए इस क्षेत्र को एक एकीकृत व्यावसायिक केंद्र में बदल देगा।

### कॉरिडोर पर विकसित होंगे नए स्टार्टअप हब

एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्रों को मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और टेक्नोलॉजी-आधारित क्लस्टर्स के रूप में विकसित करने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में अत्याधुनिक आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित किए जाएंगे। यह विस्तार टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में काम कर रहे स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार और संचालन का अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

### तापमान गिरने से रात के समय ठंड बढ़ी

## यूपी के 20 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, अब कड़ाके की ठंड



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में शनिवार को कोहरे और धुंध की चादर नजर आई। यहीं हाल रविवार का होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। आज यानि रविवार को राम की नगरी अयोध्या, सीतापुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, शामली, बागपत, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत व आसपास के जिलों के कोहरा रात से ही छा गया। बात आज के मौसम की करें तो 14 दिसंबर को दिन में भी ठंडी हवा चल सकती है, जिससे तापमान गिरने का अनुमान है। अब रात में मौसम पूरी तरह से बदल गया है, न्यूनतम तापमान गिरने से रात के समय ठंड बढ़ी है।

#### आज के यूपी के मौसम का अनुमान

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और पुरवा हवाओं के कारण दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि संभव है, लेकिन सोमवार से मौसम में फिर परिवर्तन के पूर्वानुमान हैं। दिन और रात के पारा में दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के आसार हैं, जिससे ठंड बढ़ेगी।

#### इन जिलो में कोहरा का अलर्ट

पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में मौसम शुष्क रह सकता है। श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और उसके आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने के आसार हैं। वहीं देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर में घना कोहरा छाने की संभावना है।

### आरोपियों के पास सामान बरामद

## फर्जी फर्म बनाकर 37.87 करोड़ की टैक्स चोरी करने में चार गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर पुलिस और राज्य कर विभाग ने फर्जी फर्म बनाकर 37.87 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने रविवार को चार शातिरों को पकड़ कर जेल भेज दिया। कल्याणपुर थाने में 14 जून को एफआईआर दर्ज की गई थी।

आरोपियों के पास लैपटॉप, मोबाइल और सिम कार्ड बरामद हुए हैं। राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त क्षेत्र डी संजय कुमार सिंह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर थाना कल्याणपुर में 14 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच में सामने आया कि कुमार एंटरप्राइजेज नाम की फर्म ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिये कानपुर के स्वरूपनगर स्थित एक आवासीय पते पर फर्जी तरीके से जीएसटी पंजीकरण कराया था। उन्होंने न तो किसी फर्म को किराए पर स्थान दिया और न ही संबंधित किरायानामा उनके हस्ताक्षर का है। जीएसटी पोर्टल पर घोषित आंकड़ों के विश्लेषण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 155.89 करोड़ और 2025-26 में 54.83 करोड़ रुपए की फर्जी बिक्री दर्शाकर कुल 37.87 करोड़ रुपए के टैक्स की चोरी की पुष्टि हुई थी। गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए 14 दिसंबर को गौतमबुद्धनगर से बबलू कुमार (गोपालगंज बिहार), दीपांशू शर्मा (छपरा बिहार), प्रिंस पांडेय (गोपालगंज बिहार) और बिंदेश्वर पांडेय (सुल्तानपुर) को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कल्याणपुर राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# किसानों को तोहफा, बाजरे के लिए 380 करोड़ रुपये जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में भाजपा किसान मोर्चा की

■ किसानों को बिजाई से कटाई तक दी जा रही सब्सिडी : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भावान्तर भरपाई योजना के तहत 380 करोड़ रूपये बाजरा उत्पादक किसानों के लिए जारी किये। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि के बिना प्रदेश में खुशहाली नहीं आ सकती। इसलिए किसान हित सरकार के लिए सर्वोपरि हैं। किसान को बिजाई से लेकर कटाई तक के कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जाती है। यदि प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान होता है तो मुआवजे व फसल बीमा का प्रावधान है। कटाई के बाद फसल के दाने-दाने की खरीद की व्यवस्था की गई है और भुगतान सीधा किसान के खाते में डाला जाता है। यहां प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने नायब सैनी को सबसे बड़ा किसान हितैषी मुख्यमंत्री बताया।



### किसानों को सूक्ष्म सिंचाई के लिए प्रेरित करें

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रदेश के किसानों को सूक्ष्म सिंचाई के प्रति प्रेरित करें , इससे जहां पानी की बचत होगी वहीं फसल पर किसान की लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि आज किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ डाले जा चुके हैं।

### पिछले 11 सालों में किसानों को 15728 करोड़ रुपये दिए

पिछले 11 सालों में किसानों को फसल खराबे के मुआवजे के रूप में 15 हजार 728 करोड़ रुपये दिये हैं। फसलों की खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर किसान को अपनी फसल बेचने के साथ-साथ खाद, बीज, ऋण और कृषि उपकरणों के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता भी घर बैठे मिल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बताया कि खरीफ सीजन-2025 की फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए 53 हजार 821 किसानों को 116 करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक की राशि मुआवजे के रूप में जारी की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म कर दिया है।

## पेज एक का शेष

### विदेशी टैक्स चोरी....

टैक्स चोरी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल करने के लिए भारत की तारिफ क्यों हुई? इस बात ऐसे समझा जा सकता है, क्योंकि मैनाटा ने कहा कि भारत 2009 से ही टैक्स पारदर्शिता के लिए ग्लोबल फोरम के काम में सक्रिय सहयोग दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्स पारदर्शिता का मजबूत समर्थक है और ऑफशोर टैक्स चोरी के खिलाफ लगातार काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई दिल्ली में 2025 की ग्लोबल फोरम बैठक की मेजबानी करना भी भारत की इसी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### सिडनी में हनुक्का....

पहने दो हमलावर एक वाहन से उतरे और भीड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गवाहों ने 30 से 50 तक गोलियों की आवाजें सुनीं। उत्सव में करीब 1,000-2,000 लोग मौजूद थे, जिनमें परिवार, बच्चे और पर्यटक शामिल थे। लोग मोमबत्तियां जलाने, पेटिंग जू और बच्चों के लिए बबल्स जैसे धार्मिक और पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त थे। गोलीबारी शुरू होते ही भगदड़ मच गई। लोग समुद्र तट से भागे, कुछ समुद्र में छिपे, जबकि कई घायल जमीन पर गिर पड़े। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखा कि एक हमलावर ऊंचे फुटब्रिज से फायरिंग कर रहा था, जबकि दूसरा ग्राउंड लेवल पर। हनुक्का यहूदियों के लिए रोशनी और चमत्कार का त्योहार है, जिसे ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, मेलबर्न और गोल्ड कोस्ट जैसी जगहों पर यहूदी समुदाय बड़े उत्साह से मनाता है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों की एक मजबूत कम्युनिटी है जो पारंपरिक तरीकों से इस त्योहार को पार्कों और सिटी सेंटर्स में मनाती है।

### राहगीर ने एक ....

घायल होकर हिरासत में है। करीब 18-29 लोग घायल हुए, जिन्हें सिडनी के विभिन्न अस्पतालों (जैसे सेंट विंसेंट, रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड, प्रिंस ऑफ वेल्स) में भर्ती कराया गया। कुछ की हालत गंभीर है, घायलों में बच्चे और पुलिस अधिकारी शामिल हैं। घटनास्थल पर एक संदिग्ध आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला, जिसे बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किया। पुलिस तीसरे हमलावर की संभावना की भी जांच कर रही है।

### पीएम एंथनी अल्बानीज ....

राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने यहूदियों पर क्रूर हमला करार दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हनुक्का के प्रकाश के त्योहार पर हुए इस हमले की कड़ी निंदा की। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय में दहशत है।

### स्कूल तोड़ने नहीं देंगे, वापस जाओ-वापस जाओ

# बांका में बुलडोजर के सामने आ गए बच्चे, खूब हुआ हंगामा

एजेंसी ▶▶ बांका

बिहार के बांका जिले में एक अजीबोगरीब स्थिति सामने आई, जहां कोर्ट के आदेश पर रविवार को आदर्श मध्य विद्यालय सुइया घुटिया में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन का पीला पंजा (बुलडोजर) पहुंचा। यह कार्रवाई डिक्री धारक स्वर्गीय बिंदेश्वरी सिंह के पक्ष में वाद संख्या टी.एक्स.-01/24 में पारित आदेश के तहत की जा रही थी।

मामला मौजा टोना पाथर, टोला घुटिया के खाता संख्या 67, खसरा संख्या 1191 की भूमि पर कथित अतिक्रमण से जुड़ा है। न्यायालय के आदेश के अनुसार, पहले 30 नवंबर 2025 को दखल-दहानी (कब्जा दिलाना) की तिथि निर्धारित थी, लेकिन सर्वे जानकार अधिवक्ता की अनुपलब्धता के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इसके बाद 14 दिसंबर 2025 को पुनः कब्जा दिलाने की तिथि तय की गई।

### छात्रों ने किया विरोध, पढ़ाई बाधित होने का डर




प्रशासन का बुलडोजर जैसे ही स्कूल परिसर में पहुंचा, वहां 100 से अधिक छात्र जमा हो गए और 'स्कूल तोड़ने नहीं देंगे, वापस जाओ-वापस जाओ' के नारे लगाते हुए विरोध करना शुरू कर दिया। बच्चों ने स्कूल तोड़े जाने पर पढ़ाई बाधित होने की आशंका जताते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### दान दी गई जमीन से जुड़ा है विवाद

मामले को लेकर डिक्री धारक राम प्रवेश सिंह ने बताया कि उन्होंने स्कूल के लिए 23 डिसमिल जमीन दान में दी थी, जबकि शेष 7 डिसमिल भूमि पर शिक्षा विभाग द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया। लगभग नौ वर्ष पूर्व काम रोकने का प्रयास किया गया था, लेकिन जब वह नहीं रुका तो उन्होंने न्यायालय का सहारा लिया। अब जाकर लंबे संघर्ष के बाद न्यायालय का आदेश मिला है।आदर्श मध्य विद्यालय सुइया घुटिया में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र पढ़ते हैं। विवादित सात डिसमिल भूमि पर नया भवन, प्रधानाध्यापक कार्यालय, शौचालय और चारदीवारी बनी हुई है।



# कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**मुंबई।** काजोल अपने अभिनय के अलावा फैंस के बीच अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर हैं। रविवार को काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 24 साल पूरे का जिक्र किया। फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। साथ ही एक फनी कमेंट भी लिखा। इसमें वह यंग लड़कियों को एक खास सलाह भी दे रही हैं। काजोल लिखती हैं, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था)' लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा।'

लाइफ Style



# श्रेया

## 10 साल की डेटिंग के बाद किया था प्रपोज

4 साल की उम्र में संगीत की साधना कर रही प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल आज सुरों की मल्लिका बन चुकी हैं। सिंगल बॉलीवुड में हिट सॉन्ग देने के साथ-साथ सिंगिंग रियलिटी शो में बतौर जज के तौर पर दिखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अब उन्होंने 'इंडियन आइडल' शो में अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके बचपन के दोस्त शिलादित्य मुखोपाध्याय ने उन्हें प्रपोज किया. 'इंडियन आइडल' के मंच पर रोमांस की बातों ने शो के माहौल को बदल दिया। शो में होस्ट आदित्य ने श्रेया से पूछा कि कैसे उन्हें शिलादित्य ने प्रपोज किया था। इसपर सिंगर ने कहा कि हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और एक दिन उन्होंने तय किया कि आज मैं पूछता ही लेता हूं, लेकिन वो बहुत साधारण सवाल था, क्योंकि मेरा जवाब पहले ही 'हां' ही होने वाला था। फिर एक दिन हम लोग अपने दोस्त की शादी में गए और उन्होंने अचानक से शादी के लिए प्रपोज किया और मेरा जवाब वही था। उन्होंने कहा कि 'पता होने के बावजूद भी वो पल हमारे लिए बहुत खास था।' शो में सिंगर पार्श्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति भी मौजूद थीं। उन्होंने अपनी लव स्टोरी बताते हुए कहा कि मैं घर पर बहुत लाड़-प्यार से पली थी और प्यार-मोहब्बत जैसी चीजों से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन जब पहली बार सुब्रमण्यम जी के घर पहुंची थी, तो अहसास हुआ कि इस घर में मेरे लिए खास जगह है। उन्होंने सामने से मुझे प्रपोज किया और मैंने 'हां' कर दी।

हॉलीवुड मसाला



# कई फिल्मों में आ चुके नजर

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग के साथ-साथ जॉन सीना ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। द मरीन (2006) जॉन सीना की पहली बड़ी एक्शन फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में उन्होंने एक पूर्व मरीन सैनिक का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी को बचाने के मिशन पर निकलता है। एक्शन फिल्मों में सीना की एंट्री यहीं से मजबूत हुई। 12 राउंड्स (2009) थ्रिलर में सीना एक पुलिस अफसर के रोल में नजर आए। फिल्म की कहानी रफ्तार, सस्पेंस और एक्शन से भरी हुई थी।



# पल्प फिक्शन में निभाए थे यादगार किरदार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्मों 'द मास्क' और 'पल्प फिक्शन' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता पीटर ग्रीन का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। ग्रीन ने 1994 की फिल्म 'द मास्क' में डोरियन टायरेल के खलनायक के रूप में और उसी वर्ष 'पल्प फिक्शन' में यादगार किरदार निभाए थे। वह 'द यूजुअल सस्पेक्ट्स' और 'ट्रेनिंग डे' जैसी फिल्मों में भी अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। हॉलीवुड ने एक प्रतिभाशाली चरित्र अभिनेता को खो दिया है। पीटर ग्रीन ने 1990 में एनबीसी के क्राइम ड्रामा 'हार्डबॉल' के एक एपिसोड में गेस्ट अपीयरेंस के साथ ऑनस्क्रीन डेब्यू किया था। दो साल बाद उन्होंने 'लॉज ऑफ ग्रेविटी' से फिल्मों में डेब्यू किया। न्यू जर्सी में जन्मे इस अभिनेता ने 1990 के दशक की शुरुआत में कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाईं, जिनमें क्लीन शेवन (1993) भी शामिल है। ग्रीन एक जाने-माने कैरेक्टर एक्टर थे।




# मेस्सी से मिलकर खुश हुए तैमूर-जेह

**मुंबई।** रविवार को मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर लियोनल मैसी ने कई सेलेब्स से मुलाकात की। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों इंडिया टूर पर है। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म 'दायरा' में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



# 6 साल बाद गर्लफ्रेंड संग अर्जुन ने की सगाई

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी की वजह से सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 292 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माना जा रहा है कि अर्जुन रामपाल ने हाल ही में लंबे समय से रही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की पुष्टि की है। वह पिछले छह वर्षों से गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को डेट कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो उनके पॉडकास्ट का है। इसमें अर्जुन रामपाल और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स नजर आईं। दोनों ने अपने प्यार, शादी और कई चीजों के बारे में बात की। वीडियो में गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को कहते हुए सुना जा सकता है 'हमने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन कौन जानता है।'

टीवी मसाला



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में शिल्पा ने अंगुरी के रोल में की वापसी

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक बाद शिल्पा शिंदे पॉपुलर सिटकॉम भाबीजी घर पर हैं।.. में अंगूरी भाभी के रोल में वापसी कर रही हैं। शिल्पा के जाने के बाद शुभांगी अत्रे ने पहले यह रोल किया था, लेकिन अब असली अंगूरी वापस आ गई हैं। इस बार वह भाभीजी घर पर हैं 2.0 में एक डरावना ट्विस्ट ला रही हैं। फैंस पहले से ही उनकी वापसी को पसंद कर रहे हैं। शनिवार को भाभीजी घर पर हैं के मेकर्स ने नए सीज़न का टीज़र जारी किया. ओरिजिनल शो पूरी तरह से कॉमेडी पर आधारित था, आने वाले सीज़न के टीज़र में एक अजीब ट्विस्ट दिखाया गया है। यह अंगूरी, तिवारी, विभूति और अनीता को घूंघटगंज नाम के एक अनजान गांव में ले जाता है। उनका ध्यान एक अजीब दिखने वाली मूर्ति पर जाता है जो उन्हें रुकने पर मजबूर कर देती है। एक डरावने पल में मूर्ति की साड़ी फिसलकर सीधे अंगूरी पर गिरती है, जो इस बात का संकेत देती है कि शो किस तरह का डरावना मोड़ लेने वाला है। पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, 'घूंघटगंज की गलियों से घूंघट उठाके, आ रही हैं असली से भी असली भाभीजी हंसी का तड़का लगाएं. सही पकड़े हैं!' फैंस ने कमेंट में शिल्पा की वापसी की सराहना की, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने शुभांगी अत्रे के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया. एक कमेंट में लिखा था, "अंगूरी के रूप में शुभांगी बेस्ट थीं.." एक अन्य ने लिखा, "हमारी अपनी ओजी अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं - बहुत उत्साहित हूं!" एक अन्य ने लिखा, "आखिरकार, ओजी भाभी आ गई." एक फैन ने यह भी लिखा, "आसिफ सर और शिल्पा मैम को फिर से देखने का मौका मिलेगा-वाह, यह बहुत अच्छा है।"

## 'किस-किस' के प्रीमियर पर चप्पल पहन पहुंचे


**नई दिल्ली।** पॉपुलर कॉमेडियन सुनील पाल को हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 के प्रीमियर पर मुंबई में देखा गया। इस इवेंट में टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल, सुनील शेट्टी, कृष्णा अभिषेक, तब्बू, राजीव ठाकुर, आरती सिंह, अनिल कपूर, भारती सिंह, मनोज बाजपेयी, अर्चना पूरन सिंह, मनीष पॉल, जाकिर खान, जॉनी लीवर और सुपरस्टार आमिर खान ने शिरकत की, जो अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ आए थे। हालांकि इस स्टार्स से भरे इवेंट पर सुनील पाल ने अपने अचानक घटे वजन से लोगों का ध्यान खींचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सुनील पाल ब्लू शर्ट, काले ट्राउजर्स के साथ चप्पल पहनें इवेंट में एंट्री करते हैं। क्लिप देखते ही फैंस को उनकी चिंता होने लगी, क्योंकि वह काफी कमजोर नजर आ रहे हैं।



# नौवें दिन 300 करोड़ पार हुई धुरंधर

## दूसरे शनिवार को ज्यादा कमाई का रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है, जिसने हाल के वर्षों के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रिलीज के नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने जो कमाई की है, उससे बॉक्स ऑफिस हिल गया है। दरअसल 'धुरंधर' अब आधिकारिक तौर पर 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है और साल 2025 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' ने शनिवार को 53.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस रिकॉर्ड के साथ धुरंधर ने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे शनिवार को कमाई के मामले में ऐसा कारनामा पहले किसी भी हिंदी भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने नहीं किया है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, जिसने दूसरे शनिवार को करीब 46 करोड़ रुपए कमाए थे और विक्की कौशल की छावा, जो लगभग 44 करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी- दोनों ही अब इस रेस में पीछे रह गई हैं। इतना ही नहीं, एनिमल, जवान, गदर 2, स्त्री 2 और यहां तक कि बाहुबली 2 जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के दूसरे शनिवार के कलेक्शन को भी धुरंधर ने पार कर लिया है।



# 'मैं तो आरती उतारूं' गाने से घर-घर छाईं थीं उषा मंगेशकर

**नई दिल्ली।** 90 के दशक के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक, एक गाना 'मैं तो आरती उतारूं संतोषी माता की' हमेशा लोगों की ज़ुबान पर रहा है। यह टीवी पर भी खूब चला और कीर्तनों में भी इसने अपनी खास जगह बनाई, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इतना मशहूर यह गाना आखिर गाया किसने था? ये गाना लता मंगेशकर ने नहीं, बल्कि उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर ने गाया था। बहन लता की तरह आवाज का जादू भगवान ने उषा मंगेशकर को भी दिया, जिसके बलबूते पर उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, कन्नड़ और असम की भाषा में कई गाने रिलीज किए।

***बहन का साथ देने के लिए गायन किया शुरू :*** 15 दिसंबर को जन्मीं उषा मंगेशकर ने भी बचपन से अपनी बहन लता को परिवार और कॅरियर बनाने के बीच मेहनत करते देखा और अपनी बहन का साथ देने के लिए उन्होंने भी गायन शुरू किया। जब उषा मंगेशकर ने गाना शुरू किया था, उससे पहले ही लता अपना हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर चुकी थीं। पिता की मौत के बाद पहले कमाई के लिए गाना गाना शुरू किया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि तीनों बहनें सिंगिंग में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लेंगी।



### बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी

उषा अपनी बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी और बचपन से लेकर बड़े होने तक उन्होंने हर परिस्थिति में उनका पूरा साथ दिया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उन्होंने ही अपनी दीदी की आत्मा को शांति देने के लिए वाराणसी में अस्थिकलश को गंगा में प्रवाहित किया था। उन्होंने कहा कि अब वे अकेली रह गई हैं और उनके लिए एक पल भी काटना मुश्किल हो रहा है। सिंगर ने कहा था कि वे हमेशा महसूस करती हैं कि दीदी उनके साथ ही हैं।

### फिल्मफेयर पुरस्कार मिला

साल 1953 में प्लेबैक सिंगर के रूप में कॅरियर की शुरुआत करने वाली उषा ने पहले कम बजट की फिल्मों में गायन किया, जिससे उनके करियर को बड़ा ब्रेक नहीं मिला। उन्होंने पहली बार 1954 में फिल्म 'सुबह का तारा' का !भाभी आई बड़ी धूम धाम से' गाना गाया था, लेकिन असल पहचान 1975 में आई फिल्म 'जय संतोषी मां' का गाना 'मैं तो आरती' गाकर मिली थी। ये गाना घर-घर प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था, जिसके बाद उन्हें 'मंगता है तो आजा' और 'हमसे नजर तो मिलाओ' के लिए भी सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के तौर पर नॉमिनेट किया गया।


### इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उन्होंने 1978 में आई फिल्म खट्टा मीठा, 1979 में आई तराना','काला पत्थर, 1980 में आई नसीब और खूबसूरत, और 1981 में आई डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के गानों में अपनी आवाज दी। उषा ने अपनी बहन के साथ मिलकर भी डुएट भी गाए, जिसमें आया मौसम दोस्ती का, आशा का फूल, और सब जनता का है, जैसे हिट गाने मिलकर गाए।

## सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का बनाया आईना

# चार्ली चैपलिन से ली प्रेरणा, अधूरी मोहब्बत की आग में जले

*मुंबई। मासूम मुस्कान, नीली आंखें और शरीर की हरकतों में छुपा दर्द- राज कपूर सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का आईना बनाया, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, वर्गभेद और इंसानी अकेलापन साफ दिखाई देता था।*



### भारत के चार्ली चैपलिन कैसे बने?

राज कपूर को यूं ही 'भारत का चार्ली चैपलिन' नहीं कहा गया। बचपन से ही वो चार्ली चैपलिन की फिल्मों से गहराई से जुड़े हुए थे। जहां बाकी लोग उनकी फिल्मों पर हंसते थे, वहीं राज कपूर की आंखें नम हो जाया करती थीं। चैपलिन का वह किरदार— जिसका न कोई घर होता है, न कोई ठिकाना- राज कपूर को भीतर तक छू जाता था। यही वजह रही कि आगे चलकर आवारा, श्री 420 और मेरा नाम जोकर जैसे किरदारों में उन्होंने उसी ट्रैजिक-कॉमिक आत्मा को भारतीय संदर्भों में ढाल दिया।

### दुनियाभर में मशहूर थे

राज कपूर की लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही। सोवियत यूनियन में उनकी फिल्म आवारा ने इतिहास रच दिया। रूस में इस फिल्म ने करोड़ों टिकट बेचे और राज कपूर वहां किसी सुपरस्टार से कम नहीं थे। मॉस्को एयरपोर्ट पर जब प्रशंसकों ने उनकी टैक्सी को कंधों पर उठा लिया, तो यह सिर्फ एक अभिनेता का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की जीत थी। चीन, तुर्की, मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक 'आवारा हूं' की गूंज सुनाई देती थी। यहां तक कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता की खुलेआम सराहना की थी।

### राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी

राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत, लेकिन दर्दनाक कहानियों में गिनी जाती है। पर्दे पर उनकी जोड़ी जादू बिखेरती थी, लेकिन हकीकत में यह रिश्ता अधूरा रह गया। शादीशुदा होने के कारण राज कपूर वह फैसला नहीं ले सके, जिसका इंतजार नरगिस वर्षों तक करती रहीं। आखिरकार नरगिस की जिंदगी में सुनील दत्त आए और एक नई कहानी शुरू हुई। कहा जाता है कि नरगिस की ऊंची हील्स देखकर ही राज कपूर को एहसास हो गया था कि वह अब उनसे दूर जा चुकी हैं।



### निजी जिंदगी में काफी सरल थे

निजी जिंदगी में राज कपूर जितने सरल थे, उतने ही जटिल भी। बेटे रणधीर कपूर से जुड़ा एक किस्सा अक्सर याद किया जाता है, जब उन्होंने कहा था कि अगर वे बस में भी सफर करें, तो लोग बस यही कहेंगे कि राज कपूर बस में बैठे हैं। यह कथन उनके स्टारडम से ज्यादा उनके आत्मविश्वास और सादगी को दर्शाता है।

### एक फिल्म के लिए सब कुछ दांव पर लगाया

राज कपूर का असर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा। रणबीर कपूर का नाम भी उनके पूरे नाम रणबीर राज कपूर से लिया गया। वहीं, फिल्म संगम की पार्टी में हुआ एक थप्पड़ कांड, जिसमें लेखक इंदर राज आनंद का कॅरियर तबाह हो गया, इंडस्ट्री की सख्त और संवेदनशील सच्चाई को उजागर करता है। बतौर फिल्ममेकर राज कपूर पैसों से ज्यादा पैशन में विश्वास रखते थे। मेरा नाम जोकर के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। सेट पर क्रू की देखभाल, खाने-पीने का इंतजाम और रियल लोकेशन्स पर शूट- ये सब उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। 18-18 घंटे काम करना उनके लिए आम बात थी।

फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल-इंदौर मार्ग पर विक्रमादित्य स्वागत द्वार का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास की मिसाल बनेगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ा गया है। राजधानी में 9 स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। भोपाल में परमार वंश के कुलदीपक राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य, श्रीराम, श्रीकृष्ण के नाम पर भी भव्य स्वागत द्वार बनेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल-सीहोर मार्ग पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विक्रमादित्य स्वागत द्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इसके पूर्व उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सम्राट विक्रमादित्य स्वागत द्वार एवं भोपाल में पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन सम्पन्न हो रहा है। राज्य सरकर के इन प्रयासों से भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास के श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मिट्टी निकालकर बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा, इससे खेतों में पानी भरने की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तूमड़ा में शाला भवन के लिए 5 करोड़ रुपए देने और ग्राम फंदा में कॉलेज भवन निर्माण की भी घोषणा की।

## पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज के शासनकाल में निर्मित भोपाल का बड़ा तालाब आज भी आदर्श तकनीक का उदाहरण बना हुआ है। समारोह को भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

## सीएम डॉ. मोहन ने कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने धर्म-समाज से ऊपर उठकर सभी को लाड़ली बहन माना है।

## निगम ने एक बार फिर बनाया विक्रमादित्य द्वार निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट

नगर निगम ने एक बार फिर फंदा में हुए विक्रमादित्य द्वार निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट बनाया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कार्यक्रम स्थल एवं भोजन स्थल पर तत्काल साफ-सफाई की और गीला-सूखा कचरा व अन्य प्रकार का कचरा निष्पादन स्थलों पर पहुंचाया। निगम अमले ने 220 किलोग्राम गीला कचरा, 50 किलोग्राम सूखा कचरा व प्लास्टिक बॉटल, पैकेजिंग मटेरियल, दोने, प्लास्टिक के चमचे आदि एकत्र किए और निष्पादन स्थल भेजे। निगम अमले ने खाद्य पदार्थों को गोशाला पहुंचाने का काम भी किया।






## पतंजलि विश्वविद्यालय को ज्ञान भारतम मिशन संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाया गया क्लस्टर सेंटर



**हरिद्वार।** ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आज हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को /"क्लस्टर सेंटर/" के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक (कॉर्डिनेटर, एनएमएम) तथा विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन, एनएमएम) की उपस्थिति में एक एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा, प्रधानमंत्री की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है ज्ञान भारतम मिशन। डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया की अभी तक 33 एमओयू इस मिशन के तहत साइन हुए हैं, जिसमे क्लस्टर सेंटर 20 हैं। इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और योग शिक्षा आधारित प्रथम क्लस्टर सेंटर पतंजलि विश्वविद्यालय है। अभी तक पतंजलि विश्वविद्यालय में 50000 से ज़्यादा प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, 42 लाख पृष्ठों के डिजिटलाइजेशन और 40 से अधिक पांडुलिपियों के शोधन एवं पुनर्प्रकाशन का कार्य किया जा चुका है। इस अवसर पर ज्ञान भरतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत क्लस्टर सेंटर के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर ना केवल शोध करेगा अपितु इसको शिक्षा क्रांति से जोड़कर देश एवं समाज तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय की मानविकी एवं प्राचीन अध्ययन संकाय की डीन डॉ. साध्वी देवप्रिया सहित पतंजलि अनुसंधान संस्थान के डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. सतपाल, डॉ. करुणा, डॉ. स्वाति, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. रश्मि मित्तल सहित सभी छात्र एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता

# राजधानी में उपभोक्ता आयोग का न्याय: बीमा कंपनी देगी नॉमिनी को 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग क्रमांक-1 में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को बीमा कंपनी के मामले में उपभोक्ता को बड़ी राहत मिली है। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से समझौते का प्रस्ताव सामने आया। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और परिवादी पक्ष के बीच 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का फुल एंड फाइनल समझौता हुआ।

आयोग ने आदेश दिया कि यह राशि पांच दिन में नॉमिनी के खाते में जमा कराई जाए। मामले में परिवादी के अधिवक्ता मोहन चौकसे और पंकज दनके के अनुसार, नेशनल लोक अदालत के जरिए बीमा क्लेम का इतना बड़ा सेटलमेंट संभवतः प्रदेश में पहली बार हुआ है। मामले में आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पाण्डेय ने समझौते को स्वेच्छापूर्ण मानते हुए संबंधित प्रकरणों को समाप्त करने के आदेश दिए।

## आपसी सहमति से 21,295 प्रकरणों का हुआ निराकरण



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया।

### यह है पूरा मामला

*दरअसल, उपभोक्ता राजेश कुमार ने अपने जीवनकाल में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से तीन अलग-अलग पॉलिसी ली थी। इनकी कुल बीमित राशि करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपए थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी प्रदीप कुमार ने जब बीमा दावा प्रस्तुत किया था। परंतु कंपनी ने बीमारी की जानकारी छिपाने की बात कहते हुए इस क्लेम को खारिज कर दिया था। जिसके बाद उपभोक्ता ने तीनों पॉलिसियों के लिए तीन अलग शिकायतें जिला उपभोक्ता आयोग में लगाई थी।*

### निगम ने वसूले 18 करोड़ 80 लाख रुपए, 17700 से ज्यादा प्रकरणों का किया निराकरण

*नगर निगम के वार्ड कार्यालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालतों के शिविरों में शनिवार को 17 हजार 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण उपभोक्ताओं ने कराया और 18 करोड़ 80 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा कराई। शाम सात बजे तक 17185 लोगों को संपत्तिकर और जलदर जमा करने की रसीदें निगम की ओर से उपभोक्ताओं को जारी की जा चुकी थीं। सबसे अधिक वसूली जोन-13 में हुई। यहां 1 करोड 83 लाख रुपए राजस्व मिला। जबकि सबसे कम राजस्व जोन-6 में 27 लाख रुपए मिला। एसआईआर में निगम का अमले के ड्यूटी पर लगे होने के कारण उम्मीद से अधिक वसूली नेशनल लोक अदालत में निगम को हुई। शनिवार को दिनभर मोबाइल पर भी टैक्स जमा करने की बात कही जाती रही।*

**50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर 50 प्रतिशत तक की छूट**

नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी गई, जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी गई। जल उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार रुपए तक बकाया है अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी गई।

### नेशनल लोक अदालत में 18,872 लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गए थे

### 54 करोड़ 80 लाख 32 हजार 840 की अवॉर्ड राशि पारित

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से समझौता योग्य 21295 लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर पक्षकारों को करोड़ 80 लाख 32 हजार 840 रुपए की मुआवजा व समझौता राशियों के अवार्ड पारित कर राशियां दिलाई गईं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। वर्तमान में जिला न्यायालय में कुल 1,58,651 मामले लंबित हैं। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 18,872 लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये थे। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग तथा यातायात के ई-चालान से संबंधित 79,737 प्री लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए थे।

**श्रम न्यायालय में 12 प्रकरणों का निराकरण किया गया**

श्रम न्यायालय में औद्योगिक न्यायालय की न्यायाधीश निहारिका सिंह, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश कुसुम्हार चक्रवर्ती सहित अधिवक्तागण हाशिम अली, लोकेश दुबे, जीएस राठौर एवं सोनल श्रीवास्तव की समझाईश से नेशनल लोक अदालत में 12 विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण कर 65 लाख 55 हजार रुपए के अवार्ड पारित किए गए।

**जिला उपभोक्ता आयोग में 44 प्रकरणों का निराकरण किया गया**

जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग क्रमांक 1 में अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय की बेंच ने 44 प्रकरणों का निराकरण कर पक्षकारों को 1, 84,62,097 रुपए की समझौता राशियों के अवार्ड पारित कर राशियां दिलाई गईं।नेशनल लोक अदालत में बीमा क्षेत्र से जुड़ा प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा सेटलमेंट कराया गया।



देवनानी का शाल ओढ़ाकर सम्मान करते परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि एवं राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान जयसिंह गहलोत।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का ऐलान, अजमेर में बनेगा महर्षि दयानंद पैनोरमा

एजेंसी ▶▶ अजमेर

महर्षि दयानंद सरस्वती की निर्वाण स्थली अजमेर में अब दयानंद पैनोरमा बनेगा। इसे देखकर यहां आने वाले लोग महर्षि के महान जीवन से प्रेरणा ले सकेंगे। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को यहां राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के ऋषि उद्यान में आयोजित सम्मलेन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे प्रयास करेंगे कि आगामी बजट में ही दयानंद पैनोरामा के प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाए। देवनानी ने कहा कि सामाजिक जागृति में महर्षि दयानंद और आर्य समाज का बहुत बड़ा योगदान है।

देवनानी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े काम किए हैं। इनमें केईएम का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह करना, खादिम का नाम अजयमेरु करना शामिल है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान के तारागढ़ पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाए गए हैं। इसे अब पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम को परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि ने भी संबोधित किया। राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान जयसिंह गहलोत और मंत्री जीववर्धन शास्त्री ने देवनानी का शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। परोपकारिणी सभा के न्यासी डॉक्टर वेदप्रकाश विद्यार्थी ने उन्हें आचार्य धर्मवीर की पुस्तक अग्नि सूक्त और भारतीय नारी भेंट की।कार्यक्रम का संचालन स्वामी ओमानंद सरस्वती ने किया।

**आर्य समाज मनाएगा स्वामी श्रद्धानंद की बलिदान शताब्दी**

# गहने चमकाने की बात कहकर रफूचक्कर हुए दो बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।

गौरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन कॉलोनी सारबहरा में फेरी के बहाने ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात ठग एक बुजुर्ग से सोने के गहने लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सारबहरा मधुबन कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय पन्ना लाल पंत के घर 13 दिसंबर को दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे। वे स्वयं को कांसा-पीतल व सोने-चांदी के बर्तन साफ करने वाला बताते हुए फेरी कर रहे थे। पहले उन्होंने कांसा के बर्तन साफ करने के नाम पर विश्वास में लिया, फिर सोने-चांदी के गहने भी साफ करने की बात कही। ठगों की बातों में आकर बुजुर्ग ने उन्हें सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र और सोने के कंगन सौंप दिए। इसके बाद ठगों ने गर्म पानी लाने को कहा।

बिर्रा थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच

# तेज रफ्तार सवारी ऑटो पलटा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांजगीर चांपा

चांपा रेल्वे स्टेशन से 9 सवारी लेकर जा रहा तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर ग्राम करनौद में सड़क के किनारे जा पलटा। हादसे में सभी यात्रियों को चोट आई है। वहीं, एक व्यक्ति की मौत हुई है। घायलों का बम्हनीडीह स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार, रविवार की सुबह करीबन 5 बजे चांपा रेलवे स्टेशन से ऑटो चालक अपनी ऑटो में क्षमता से ज्यादा 9 सवारियों को लेकर निकला था। ऑटो की रफ्तार



तेज होने से चालक ने नियंत्रण खो दिया और ग्राम करनौद में सड़क के किनारे जा पलटी, जिससे ऑटो में सवार सभी यात्री सड़क पर जा गिरे। राहगीरों ने घटना को देखा और स्थानीय लोगों ने 108 की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए बम्हनीडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया। जिसमें एक व्यक्ति को डॉक्टर ने जांच उपरांत मृत घोषित किया है। जिसकी पहचान घासी राम खूंटे 45 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं, घायलों का उपचार किया गया। मृतक घासीराम खूंटे की पत्नी ने बताया कि वे हैदराबाद में रहकर रोजी मजदूरी का काम करते हैं। सुबह चांपा रेलवे स्टेशन से अपने गांव कुरदा जाने के लिए ऑटो में बैठे थे। तब जाते समय ऑटो पलट गया। हादसे में पति की जान चली गई।

लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

# स्टोन क्रेशर प्लांट में ट्रैक्टर से डीजल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांजगीर चांपा

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मां समलेश्वरी स्टोन क्रेशर प्लांट में घुसकर एक शख्स ने दो ट्रेक्टर से तकरीबन 50 लीटर डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मुंशी की रिपोर्ट के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है, पूरा मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, पूनम पैकरा ने लैलूंगा थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि मां समलेश्वरी स्टोन क्रेशर में वह मुंशी का काम करता है। सुबह साढ़े 9 बजे जब वह प्लांट आया तो



देखा कि प्लांट में खड़ी दो ट्रैक्टर का पाइप काटकर लगभग 50 लीटर डीजल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था और ट्रैक्टर की बोनट पर अश्लील शब्द लिखे थे। जिसके बाद उसने पूरे मामले की जानकारी क्रेशर संचालक उमेश अग्रवाल को दी।

पूनम पैकरा ने बताया कि जब प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरा देखा गया तो पता चला कि रात 1 बजकर 9 मिनट में एक व्यक्ति क्रेशर में घुसा और दो ट्रैक्टर से डीजल चोरी करने के बाद रात 2 बजकर 5 मिनट में जाता हुआ नजर आया। समलेश्वरी स्टोन क्रेशर के मुंशी पूनम पैकरा की रिपोर्ट के बाद लैलूंगा पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चिंतन

# आतंक का नया चेहरा बन रहा बड़ी चुनौती

आजकल देखने में आ रहा है कि आतंकवादी भीड़ भरे स्थानों पर हमला कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। दहशतगर्दों की ऐसी वारदातों से सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देश प्रभावित हैं। इस बार हमला ऑस्ट्रेलिया में हुआ है, जहां आतंकियों ने सिडनी शहर में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। इस बड़े आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों ने बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक भारी गोलीबारी कर 12 लोगों की हत्या कर दी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। यह हमला उस समय हुआ, जब समुद्र तट पर 'हनुक्का बाय द सी' नामक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि सुरक्षाबलों ने एक हमलावर को भी मौके पर मार गिराया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि इस हमले को दो युवाओं ने ही अंजाम दिया है। इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़ भरे इलाके में ही हुआ था और हमलावर युवा ही थे। हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी के सफेद कॉलर यानी डॉक्टर और इंजीनियर भी शामिल थे। आतंक का यह नया चेहरा अब पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर कड़े कदम उठाने होंगे। भारत हमेशा से ही आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। देश में सीमापार आतंक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन अब आतंक का यह बदलता स्वरूप कब, कहां और किसको निशाना बना देगा, इसका कुछ पता नहीं चलता। कई बार तो ऐसी जगहों पर खुफिया एजेंसियां भी नाकाम साबित हो जाती हैं। वहीं, खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ ऑनलाइन एप भी आतंकियों के मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके ने आतंक के इस नए पैटर्न को उजागर किया है। जांच में सामने आया है कि डॉक्टरों सहित कुछ उच्च-शिक्षित पेशेवर भी 10 नवंबर को हुए इस हमले की साजिश में शामिल थे, जिसमें कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। यही कारण है कि सुरक्षाबलों के लिए इस व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम को ध्वस्त करना अब सबसे बड़ी प्राथमिकता बन चुका है। आतंक के खिलाफ कार्रवाई केवल सरकारों और सुरक्षाबलों की ही नहीं है, बल्कि आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। आमजन को हमेशा जागरूक रहना होगा और आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर उसकी जानकारी अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी। वहीं, कई बार देखने में आता है कि आतंकी आपके आसपास ही पनाह लिए मिलता है। ऐसे में किसी को अपने मकान या घर में किराए पर रखते हैं तो उसकी पूरी जानकारी लें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते किसी बड़ी वारदात से बचा जा सके। ऐसे कुछ कदम उठाकर ही हम आतंकवाद के इस बदलते स्वरूप से निपट सकेंगे। इस बड़ी चुनौती से निपटने के लिए नए तरीकों को अपनाना होगा। हमें आतंकवाद के मूल कारणों को समझना होगा और उन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा, तभी इस नासूर बन चुके आतंकवाद से मुक्ति मिल सकेगी।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्राहकों को मिले ब्याज दर कटौती का लाभ

**आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। उम्मीद करें कि इस अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।**

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे कुछ बैंकों ने ग्राहकों को ब्याज दर में कमी करके लाभांवित करना शुरू कर दिया है, वहीं अन्य बैंकों के करोड़ों उपभोक्ता ब्याज दर में कमी किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक दिसंबर महीने में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने और नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने जा रहा है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर घटाए जाने का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है।

वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025 -26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है। इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों



में कहा जा रहा है कि यद्यपि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, लेकिन तेज विकास के मद्देनजर कर्ज सस्ता किए जाने की जरूरत लगातार बनी हुई है। 24 नवंबर को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, 'जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है।' उल्लेखनीय है कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है, लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए आसान ब्याज दरों पर कर्ज जुटाकर निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई है। निश्चित रूप से अब ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश है। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकेगे। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहेगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देगें। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल स्टेट उद्योग की बढ़ी हुई मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। उम्मीद करें आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के द्वारा 9 दिसंबर को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उच्च बैंक अधिकारियों से ब्याज दर घटाने का जो आग्रह किया गया है, उसका परिपालन किया जाएगा और घटी हुई ब्याज दर से सभी वर्ग के बैंक ग्राहक लाभांवित होंगे। उम्मीद करें कि हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महंगाई में कमी व बाजार की जरूरत के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने और ब्याज दर में कटौती किए जाने के अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

निगम चुनाव
उमेश चतुर्वेदी




# बेहतर प्रदर्शन से विस चुनावों में खुलेगी राह

केंद्रीय सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती-जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेले दम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रहे, लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने न सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं, जबकि बाकि आबादी मुसलमान है। जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है, लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। हालांकि वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ। राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाम मोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाम मोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाम मोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाम मोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को श्रेय दिया जा रहा है। अगले विधानसभा चुनावों में केरल में भाजपा भले ही बड़ी जीत ना हासिल कर सके, लेकिन वह महत्वपूर्ण उपस्थिति जरूर दर्ज कराएगी। इसका संकेत केरल के लोगों ने स्थानीय निकाय चुनावों में दे दिया है। बीजेपी इस बीच अगर नामदार चेहरे को अपने पाले में खींचने में कामयाब रहती है तो हो सकता है कि नतीजे और भी ज्यादा चौंकाऊ हों। निकाय चुनावों में चौंकाऊ कामयाबी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। विधानसभा चुनावों में नतीजे कैसे होंगे, यह तब देखने की बात होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

हाल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं। – *अरूण दुबे, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व



मैं उन सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जनता के बीच काम किया और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार परिणाम सुनिश्चित किया। हमारे कार्यकर्ता हमारी शक्ति हैं और हमें उन पर गर्व है!

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### बस्तर बदल रहा



बस्तर बदल रहा है! जो बस्तर आए दिन वामपंथी उग्रवाद की हिंसा, हत्या और की घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहता था, वहाँ के युवा आज हथियार त्यागकर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में लोहा मनवा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक-2025 इस बदलाव का साक्षी है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई



दिल्ली सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस लड़ाई में संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। एमसीडी को 70 एमआरएस मशीनें दी गई हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### आरएसएस की विचारधारा



आरएसएस की विचारधारा हमारे देश को नहीं बचा सकती, उल्टा ये इस देश को ख़त्म कर देंगे। बीजेपी-आरएसएस के लोग संविधान को ख़त्म करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बीजेपी-आरएसएस के लोग फिर से गरीबों को गुलाम बनाना चाहते हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### हांगकांग में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी भंग



हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी ने 30 से अधिक वर्षों की सक्रियता के बाद रविवार को भंग होने के लिए मतदान किया, जो चीनी अर्ध-स्वायत्त शहर के कभी विविध राजनीतिक परिदृश्य के एक युग के अंत का प्रतीक है। 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के अध्यक्ष लो किन-हई ने कहा कि पार्टी को भंग करने के पक्ष में करीब 97 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया और यही पार्टी सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा, "समय बदल गया है और अब हमें गहरे अफसोस के साथ इस अध्याय को समाप्त करना पड़ रहा है। लो ने पहले कहा था कि पार्टी को भंग करने की दिशा में बढ़ने का फैसला मौजूदा राजनीतिक स्थिति और सामाजिक परिवेश को देखते हुए लिया गया है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि कुछ सदस्यों को चेतावनी दी गई थी कि अगर पार्टी को खत्म नहीं किया गया तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पार्टी का यह अंत उन घटती स्वतंत्रताओं को दर्शाता है, जिनका वादा 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश के चीन के शासन में लौटने के समय किया गया था। चीन ने एक साल पहले हुए सरकार-विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बाद जून 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था।

## ऑफ बीट

### औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी



ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।

# दिल्ली-एनसीआर में लगा सांसों का 'आपातकाल'

## कई जगह एक्यूआई 500 के पास पहुंचा, ग्रेप-4 लागू, कक्षाएं अब हाइब्रिड मोड में चलेंगी

## रविवार सुबह की शुरुआत धुंध ,कोहरे और स्मॉग से भरी रही



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही। सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 462 दर्ज किया गया है।

### वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पाबंदियां लागू की

दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शनिवार शाम ग्रेप 4 लागू कर दिया। शनिवार सुबह ग्रेप तीन पाबंदियों की घोषणा की गई थी। इसी के साथ अब दिल्ली में ग्रेप एक दो, तीन और चार की पाबंदियां लागू होंगी।दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत तेजी से खराब हो रही है, जिस पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की समिति ने तत्काल प्रभाव से सबसे सख्त पाबंदियां लागू करने का फैसला किया।



औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया

दिल्ली में वायु प्रदूषण, धुंध और कोहरे का एक नजारा

### एजेंसियों को निर्देश - नियंत्रण के उपाय करें

धीमी हवा, स्थिर वातावरण और खराब मौसम की वजह से प्रदूषक हवा में फैल नहीं पाए, जिससे प्रदूषण बढ़ता गया। इसके साथ ही एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदूषण को और बढ़ने से रोकने के लिए अतिरिक्त निवारक कदम उठाएं। अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सीएक्यूएम ने सिटीजन चार्टर का पालन करने की अपील की है। इसके साथ ही लोगों को सचेत भी किया है।

### स्कूलों में पढ़ाई के दोनों विकल्प खुले

दिल्ली सरकार ने स्कूलों को लेकर अहम फैसला लिया है। 9वीं कक्षा तक और 11वीं के छात्रों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड में कराई जाएगी। यानी जहां संभव होगा, वहां बच्चे स्कूल आकर पढ़ सकेंगे।

### 50 फीसदी स्टाफ के साथ खुलेंगे सरकारी और निजी दफ्तर

सभी सरकारी और निजी दफ्तर 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ ही चलेंगे। बाकी को अनिवार्य रूप से वर्क फ्रॉम होम करना होगा।

### ये रहा दिल्ली का हाल

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड में 401 दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### धामी ने किया अटलजी की प्रतिमा का अनावरण



**मदनपल्ली।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी रविवार को आंध्र प्रदेश के मदनपल्ली में अटल-मोदी सुशासन यात्रा के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया। धामी ने कहा कि आंध्र भाजपा की ओर से राज्य के हर जिले में वाजपेयी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है।

### बस और बोलेरो की टक्कर, 4 की मौत



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 4लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो सवार एक ही परिवार के लोग अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे थे। घना कोहरा था।

### रोडवेज-स्कूल की बस में टक्कर,1 की मौत



**चरखी दादरी।** हरियाणा के चरखी दादरी में रोडवेज की बस एक प्राइवेट स्कूल की बस के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में 11वीं क्लास की छात्रा की मौत हो गई जबकि 18 बच्चे घायल हो गए। हादसा दादरी बिरोहड़ रोड पर हुआ। हादसे में स्कूल बस के परखच्चे उड़ गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाल-बाल बचे हरियाणा के मंत्री अनिल विज




**अंबाला।** हरियाणा के परिवहन और बिजली मंत्री अनिल विज रविवार को बाल-बाल बच गए। एक वाहन ने उनके सुरक्षा काफिले के बीच घुसकर सीधे उसकी कार को जोरदार टक्कर मारी। यह हादसा पड़ाव क्षेत्र में हुआ है। मंत्री अनिल विज के आगे और पीछे सुरक्षा वाहनों का काफिला चल रहा था।

## कांग्रेस की रामलीला मैदान में वोट चोरी के मुद्दे पर महारैली

# सत्य और असत्य की इस लड़ाई में चुनाव आयोग भाजपा के पक्ष में कर रहा काम

राहुल ने सरकार और स्वतंत्र संस्था पर लगाया बड़ा आरोप

### नेता प्रतिक्ष ने कहा- हम सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे



राहुल गांधी

भाजपा और संघ पर किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की रामलीला मैदान में वोट चोरी महारैली के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये सत्य और असत्य की लड़ाई और चुनाव आयोग इस लड़ाई में भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा कि जब तक सत्ता है केवल तभी तक अमित शाह बहादुर हैं। संसद में उनके हाथ कांप रहे थे। मैंने वोट चोरी को लेकर सवाल किए थे। उसकी सफाई कुछ दिनों बाद शाह ने संसद में दी। उन्होंने कहा कि सफाई देते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। भाजपा के पास सत्ता है, वे वोट चोरी करते हैं, चुनाव के समय वे 10 हजार रुपए देते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने इनके लिए कानून बदला, नया कानून लेकर आए और कहा कि चुनाव आयुक्त कुछ भी करे उनपर एक्शन नहीं लिया जा सकता, उन पर कार्रवाई नहीं हो सकती। हम सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं और आप असत्य के साथ खड़े हो।

*मैंने वोट चोरी के सवाल किए तो गृहमंत्री शाह नहीं दे पाए कोई जवाब*

### मोदी, शाह और संघ की सरकार को हटाएंगे



महागठबंधन ने रामलीला मैदान में निकाली रैली

राहुल ने कहा कि जब मैं यहां आ रहा था तो मुझे बताया गया कि अंडमान निकोबार में मोहन भागवत ने एक बयान दिया है। गांधीजी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी चीज है, हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है लेकिन भागवत का बयान सुनिए- विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह मोहन भागवत की सोच है, यह संघ की विचारधारा है। हमारी, हिंदूस्तान, हिंदू धर्म और दुनिया के हर धर्म की विचारधारा यह कहती है कि सत्य सबसे जरूरी है लेकिन मोहन भागवत कहते हैं सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है। हम इन्हें हटाएंगे।

### बेटे के ऑपरेशन के लिए बेंगलुरु नहीं गया: खरगे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वोट चोरी के खिलाफ कहा कि राहुल गांधी देश के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है। इसके लिए मैं बेटे के ऑपरेशन के लिए बेंगलुरु नहीं गया।

### जनता के मुद्दों पर बात नहीं करती सरकार: प्रियंका



कांग्रेस सांसद और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम पर चर्चा करेंगे, फिर इस पर। कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार जनता के मुद्दों पर बात नहीं करती।

### निष्पक्ष चुनाव असली मुद्दा: झा



कांग्रेस की विशाल रैली पर राजद के सांसद मनोज कुमार झा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम निष्पक्ष चुनाव जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग की सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। बिहार चुनाव के दौरान हुए वित्तीय लेन-देन यह दिखाते हैं कि किसी भी तरह से वोट चुराने की कोशिश की गई।

### भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार: अजय



ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जिस तरह देश में लोकतंत्र को बंधक रखा गया है। भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार है।

### राहुल दिल्ली की वोट चोरी के विषय में बात करेंगे?



आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा जिस दिल्ली के अंदर कांग्रेस वोट चोरी की शुरुआत कर रही है। पहले दिल्ली की बात नहीं की।

## कांग्रेस पार्टी अपने कर्मों की वजह से हार रही, दिल्ली में जीरो: हुसैन

### कांग्रेस की रैली पर भाजपा ने किया पलटवार



भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस द्वारा आज दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली पर कहा कि कांग्रेस पार्टी की रैली पूरी तरह विफल होगी। कांग्रेस पार्टी अपने कर्मों की वजह से हार रही है और वे ये बात जानते हैं। वे ईवीएम, एसआईआर और चुनाव आयोग पर अपना दोष मढ़ना चाहते हैं। कांग्रेस से उन्हीं के नेता सवाल पूछ रहे हैं, उनके नेतृत्व पर सवाल उठ रहा है। सवाल न उठे इसलिए वे लोग रैली कर रहे हैं। रैली में भीड़ बुलाकर भी कुछ होने वाला नहीं है।

### कब्र खुदेगी, माओवादी सोच और 'घुसपैठिया बचाओ रैली' थी: भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों ने नारा लगाया कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। आज यह स्पष्ट हो गया है कांग्रेस की सोच माओवादी वाली सोच है। कांग्रेस इतनी हताश है। पीएम मोदी देशविरोधियों और भारत के बीच में एक चट्टान के रूप में खड़े हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता यह भी अंदाजा लगा रहे हैं कि जैसे दूसरे देशों में लोग सड़कों पर उतरे और लोकतंत्र को अस्थिर करने की कोशिश की, वैसा ही कुछ भारत में भी हो सकता है। कांग्रेस की रामलीला मैदान में 'घुसपैठिया बचाओ रैली' में सिर्फ एक बात कॉमन है। कांग्रेस देश की जनता के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी का असली मकसद देश में अस्थिरता पैदा करना है।

### मोदी को 150 गालियां दीं, अब ईसी को दे रहे



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि एजेंडा साफ है। यह एसआईआर के खिलाफ नहीं है, बल्कि संविधान पर वार है। कांग्रेस के नेता नारे लगा रहे हैं कि कब्र खुदेगी मोदी की, आज नहीं तो कल खुदेगी। पूनावाला ने आगे लिखा कि हाल ही में रागिनी नायक ने एआईवीडियो शेयर किया था, जिसमें चायवाले के रूप में दिखाया गया। तो एसआईआर के नाम पर वे पीएम मोदी को खत्म करना चाहते हैं? हाल ही में राहुल गांधी ने भी चुनाव आयोग को धमकी दी थी। अभी तक कांग्रेस ने पीएम मोदी को 150 से ज्यादा बार गालियां दी हैं।

## मुख्य आयोजक की पेशी

# 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया, जांच चल रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई



फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी के जीओएटी इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और मुख्य आयोजक शतद्रु दत्ता को कोलकाता की बिधाननगर कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। टूर के आयोजन से जुड़े मामलों में जांच चल रही है।

### फडणवीस, सचिन से मिले

लियोनेल मेस्सी अपने भारत दौरे के दूसरे चरण के तहत मुंबई पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम में वे बॉलीवुड की तमाम हस्तियों और अन्य मेहमानों से मुलाकात की और उनके साथ यादगार तस्वीरें ली। साथ ही वो फुटबॉल दिग्गज सुनील छेत्री और क्रिकेट के पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से मिले। इसके बाद मेस्सी और इंटर मियामी के उनके साथी खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल एक चैरिटी फैशन शो में रैंप वॉक किया।

## ऊर्जा अनुकूल और विश्वसनीय स्त्रोत




**राष्ट्रपति ने प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किए**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। यह आज की अहम आवश्यकता है।

## हेडगेवार पर महायुति में रार'

# 'स्मृति मंदिर' नहीं पहुंचे पवार विकास को ही बताया आधार

एजेंसी ▶▶ नागपुर



महाराष्ट्र की राजनीति में गरमागरमी आम है। खासकर तब जब राज्य में किसी भी प्रकार का चुनाव या फिर को राजनीतिक कार्यक्रम हो। तब यही सियासी गर्माहट अपने वास्तविक तपिश को छोड़कर सातवें आसमान पर पहुंच जाती है। एक बार फिर बयानबाजी तब तेज हो गई जब महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार रविवार को नागपुर में आरएसएस संस्थापक केबी हेडगेवार के स्मारक नहीं पहुंचे। चर्चा इस बात की भी तेज हो गई कि क्या हेडगेवार को लेकर महायुति गठबंधन के दलों में रार चल रहा है? एनसीपी ने अजित पवार के नागपुर नहीं जाने का कारण बताया। पार्टी ने कहा कि वह महायुति गठबंधन में राज्य के विकास के लिए शामिल हुई है, न कि किसी विचारधारा को अपनाने के लिए।आनंद परांजपे ने यह बात कही।

## सांसद बोली: फर्जी गेट पास काटकर मंडियों में धान आए बिना ही बेच डाला और सरकार सोती रही

# धान घोटाले ने हरियाणा सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही सवाल खड़ा किया: कुमारी सैलजा

दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और किसानों को उनका उचित हक मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में फर्जी गेट पास काटकर मंडियों में धान आए बिना ही बेच डाला। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से धान लाकर यहां के किसानों के नाम से बेचा गया।

इस धान घोटाले ने प्रदेश की भाजपा सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े प्रश्नचिह्न लगा दिए है जबकि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन का दावा करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह इस पूरे प्रकरण में सच सामने लाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे और किसानों को उनका उचित हक तथा राहत तुरंत प्रदान करे। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेगी। सैलजा ने रविवार को मीडिया को जारी बयान में कहा है कि हरियाणा में अनाज खरीदी प्रणाली और सरकारी वित्तीय प्रबंधन को लेकर उठ रहे गंभीर आरोपों ने पूरे प्रदेश के किसान समुदाय को गहरी चिंता में डाल दिया है। धान और अन्य फसलों की सरकारी खरीद में व्यापक अनियमितताओं, कागजी खरीद के असामान्य रूप से बढ़े आंकड़ों तथा बिचौलियों और अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की खबरों ने सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। सरकारी खरीद व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को सुरक्षा और सम्मान देना है, न कि उनके हक़ की अनदेखी करके उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव में धकेलना। बाढ़ से हुए फसल नुकसान के बावजूद कागज़ी खरीद में भारी वृद्धि के आरोप प्रदेश के वित्तीय संसाधनों के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करते हैं, जो चिंताजनक है। ऐसे परिस्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि सरकार किसी भी प्रकार की लीपापोती से दूर रहते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। सैलजा ने आरोप लगाया कि हरियाणा में फर्जी गेट पास काटकर मंडियों में धान आए बिना ही धान बेच डाला। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से धान लाकर यहां के किसानों के नाम से बेचा गया। धान घोटाला यमुनानगर में सर्वाधिक लगभग 80 करोड़ रुपये और करनाल में 20 करोड़ तक पहुंच चुका है। सरकार को चाहिए कि वह इस पूरे प्रकरण में सच सामने लाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे और किसानों को उनका उचित हक तथा राहत तुरंत प्रदान करे। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधिया का लेख किया साझा

# पूर्वोत्तर एक नया और आत्मविश्वासी भारत का चेहरा बना, उत्सव को साकार कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नगालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की जीवंत भावना की सराहना की और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा इसकी जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया। पूर्वोत्तर को एक नए, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने लेख में उल्लेख किया कि नगालैंड केवल एक उत्सव नहीं मनाता बल्कि वह स्वयं उत्सव को साकार करता है, जो वास्तव में इसे 'त्योहारों की भूमि' का प्रमाण है। कहे जाने को सही सिद्ध करता है।

### यहां की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की



पीएम मोदी ने केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया द्वारा एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे गए लेख को साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नगालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेज़बानी नहीं करता, बल्कि यह स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है।

### पूर्वोत्तर चमकेगा तो राष्ट्र उन्नति करेगा

मोदी ने एक्स पर कहा कि इस मन को छू लेने वाले लेख में केंद्रीय मंत्री सिंधिया नगालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव को मानवीय भावना के विविध रंग ,प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करते हैं। उन्होंने इस अटल सत्य को दोहराया है कि जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा।

## खबर संक्षेप

### घरेलू तांबा उद्योग ने सस्ते आयात पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** उद्योग निकाय आईपीसीपीए ने कहा कि कई मुक्त व्यापार समझौतों के तहत तांबे के सस्ते आयात से भारतीय विनिर्माण को गंभीर रूप से नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही उसने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा शुल्क लगाने और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू करने की मांग की है।

### ईडी नए साल से पहले पुराने फेरा मामले निपटाएगी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के तहत दर्ज मामलों को निपटाने का फैसला किया है। यह कानून 25 साल से अधिक पहले 1998 में खत्म कर दिया गया था। 1973 के आपराधिक प्रावधानों से युक्त फेरा कानून की जगह जून 2000 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) ने लिया, जो एक दीवानी कानून है।

### बैंक एमएसएमई ऋण को बाहरी मानकों से जोड़े



**नई दिल्ली।** मौद्रिक नीति के संचरण में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों को एक बाहरी मानक से जोड़ने की सलाह दी है। सरकार ने संसद को यह जानकारी दी है। बाहरी मानक प्रणाली के तहत ऋणों के पुनःनिर्धारण की अवधि को तीन महीने कर दिया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 2026 में लाने वाली है दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले साल अपना आईपीओ लाने जा रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। कंपनी ने हाल ही में अपने इनसाइडर शेयर सेल को भी मंजूरी दी है, जिससे इसके अगले साल तक आईपीओ लाने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस इनसाइडर शेयर ट्रेडिंग के चलते कंपनी की वैल्यूएशन अब बढ़कर 800 बिलियन डॉलर हो गया है। कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) ब्रेट जॉनसन ने मेमो भेजकर शेयरहोल्डर्स को इसकी जानकारी दी है।

- स्पेसएक्स 2.56 बिलियन डॉलर के शेयर वापस खरीदने की योजना बना रही

## कंपनी का वैल्यूएशन अब बढ़कर हुआ 800 बिलियन डॉलर

### क्या भारतीयों को मिलेगा दांव लगाने का मौका?

*इसका जवाब है हां। भारतीय निवासी आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत इस अमेरिकी आईपीओ में इन्वेस्ट कर सकते हैं, जिसके तहत हर साल 250,000 डॉलर तक विदेश में इन्वेस्टमेंट के लिए भेजे जा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको एक ब्रोकर चुनना होगा। किसी ऐसे इंडियन प्लेटफॉर्म के साथ ग्लोबल ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, जो यूएस इन्वेस्टिंग ऑफर करता हो या सीधे यूएस ब्रोकर के साथ आईपीओ एक्सेस देता हो। सभी ब्रोकर आईपीओ एप्लीकेशन की अनुमति नहीं देते हैं इसलिए इसे पहले से चेक करना होगा।*




*वैल्यूएशन 1 ट्रिलियन डॉलर पार कर सकता है : यह प्रॉसेस कंपनी को आईपीओ लाने के लिए तैयार करती है, जिससे बड़ी मात्रा में फंड इकट्ठा किया जा सके। स्पेसएक्स भी आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल स्टारशिप और स्टारलिंक के प्रोजेक्ट्स की फंडिंग के लिए कर सकती है। इसी सेकेंडरी ऑफरिंग के बाद स्पेसएक्स की वैल्यूएशन बढ़कर 800 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है और अगर आईपीओ लांच हो गया, तो वैल्यूएशन 1 ट्रिलियन डॉलर को भी पार कर सकती है।*

### पब्लिक ऑफरिंग से जुटाई जाएगी राशि

न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, जॉनसन ने लेटर में कहा, 'यह असल में होगा या नहीं, कब होगा और किस वैल्यूएशन पर होगा, यह अभी भी बहुत अनिश्चित है, लेकिन प्लानिंग यही है कि अगर हम सही तरीके से काम करते हैं और मार्केट भी साथ देता है, तो पब्लिक ऑफरिंग से काफी पूंजी जुटाई जा सकती है।'

### ब्रेट ने लेटर में और क्या कहा?

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी लेटेस्ट सेकेंडरी ऑफरिंग में इनसाइडर्स को 421 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से शेयर दे रही है क्योंकि इसका प्लान संभावित रूप से 2026 में आईपीओ लांच करने का है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि सीएफओ ब्रेट जॉनसन के भेजे गए लेटर में बताया गया कि कंपनी शेयरहोल्डर्स से 421 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 2.56 बिलियन डॉलर के शेयर वापस खरीदने की योजना बना रही है।

### क्या होता है सेकेंडरी ऑफरिंग?

यह एक प्रॉसेस है, जिसके जरिए कंपनियां आमतौर पर आईपीओ से पहले कर्मचारी या शुरुआती निवेशकों को अपने हिस्से का शेयर बेचने का मौका देती है। स्पेसएक्स ने भी हाल ही में ऐसा किया। स्पेसएक्स साल में दो बार बायबैक कर शेयरहोल्डर्स से पूंजी जुटाती है और शेयरधारकों को भी अपनी होल्डिंग्स से नकदी निकालने का मौका मिल जाता है।

## तेल और गैस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में होगी आसानी

# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र के नए नियम अधिसूचित, एक ही पट्टे पर होंगे सभी काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। जिससे तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक नियामकीय ढांचा लागू हो गया है।

यह कदम हाल ही में पारित तेलक्षेत्र (नियमन एवं विकास) संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत उठाया गया है। नए नियम कई लाइसेंसों की जरूरत वाली पुरानी प्रणाली को हटाकर एकल पेट्रोलियम पट्टा व्यवस्था लेकर आए हैं। इसके दायरे में शेल समेत सभी हाइड्रोकार्बन उत्पादों के अन्वेषण, विकास और उत्पादन को रखा गया है। पट्टे की अवधि अधिकतम 30 वर्ष तक होगी और इसे तेल-क्षेत्र के पूरे आर्थिक जीवनकाल तक बढ़ाया जा सकेगा।

### आपराधिक दंड का प्रावधान हटा अब अर्थदंड

उल्लंघन पर आपराधिक दंड के प्रावधान हटा दिए गए हैं और उनके स्थान पर 25 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है जबकि बार-बार उल्लंघन पर 10 लाख रुपये रोजाना का जुर्माना लगेगा। इसके अलावा, परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए पट्टाधारक को बुनियादी ढांचा साझा करने की छूट भी होगी।

**कारोबारी सुगमता के लिए नियामकीय ढांचा लागू** › **यह कदम तेलक्षेत्र संशोधन अधिनियम 2025 के तहत उठाया गया** › **पट्टे की अवधि अधिकतम 30 वर्ष तक होगी**

### आवेदनों का निपटारा 180 दिनों में करना होगा

*पर्यावरणीय प्रावधानों के तहत अतिरिक्त गैस को जलाकर छोड़ने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के लिए समयबद्ध योजना बनाना अनिवार्य किया गया है। पेट्रोलियम पट्टे के लिए आवेदनों का निपटारा अब 180 दिनों में किया जाएगा जबकि विवादों का निपटारा त्वरित व्यवस्था और विदेशी निवेशकों के लिए तटस्थ मध्यस्थता स्थल के माध्यम से किया जा सकेगा।*



### व्यवसाय संचालन में आसानी होगी

*पेट्रोलियम उद्योग सुरक्षा निदेशालय को समुद्री क्षेत्र में होने वाले तेल एवं गैस उत्खनन की सुरक्षा, ऑडिट और मानक निर्धारण के लिए सक्षम प्राधिकरण घोषित किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नए नियम जारी होने को ''ऐतिहासिक'' बताते हुए कहा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 2025 ने व्यवसाय और संचालन में आसानी प्रदान की है।*

*वार्षिक रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी : अब पट्टाधारक एक ही पट्टे के तहत खनिज तेल से जुड़ी सभी गतिविधियां संचालित कर सकते हैं और कार्बन-कटौती एवं समग्र ऊर्जा परियोजनाओं को लागू कर सकते हैं। पट्टाधारक को अपनी ढांचागत क्षमता की वार्षिक रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी और नियमों के तहत उन्हें सहमति से संयुक्त रूप से सुविधाएं विकसित या साझा करने की अनुमति दी गई है।*

### गरीब उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगाः वेदांता

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने इस पर कहा, ।"यह नियम भारत के तेल एवं गैस क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार है। अब दुनिया भारत की विशाल अप्रयुक्त हाइड्रोकार्बन क्षमता को वास्तविक निवेश और उत्पादन में बदलते हुए देख सकती है। इससे घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी, जिससे सबसे गरीब उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा।"

### 50 फीसदी ऊर्जा की घरेलू आपूर्ति होगी सुनिश्चित


अग्रवाल ने कहा कि नए नियमों के लागू होने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और स्वदेशी उत्पादन में बड़ा बदलाव आने की संभावना है और देश कम-से-कम 50 प्रतिशत ऊर्जा की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित कर सकेगा।

# महंगाई के आंकड़े तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की दिशा


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक संकेतों से तय होगी। इसके अलावा, निवेशकों की नजर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। बाजारों में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा और वे नकारात्मक दायरे में बंद हुए। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह घरेलू स्तर पर कई आंकड़े आने हैं, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई और व्यापार संतुलन के आंकड़े प्रमुख हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम पर भी नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और वहां से आने वाले व्यापक आर्थिक संकेत निकट अवधि में निवेशकों की भावना को प्रभावित करेंगे। इस महीने के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है।




- विदेशी निवेशक व वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- निवेशकों की नजर रुपए की चाल व कच्चे तेल की कीमतों पर होगा



### बीएमडब्ल्यू 'मिनी' ब्रांड को और करेगी मजबूत

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने 'मिनी' पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में फिलहाल मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल शामिल हैं।

### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने माल अनलोडिंग में 7.95% की वृद्धि दर्ज की



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने नवंबर 2025 के दौरान माल अनलोडिंग में अपनी मजबूत वृद्धि जारी रखी। इस महीने मालगाड़ियों के कुल 1,114 रेक अनलोड किए गए, जो पिछले वर्ष के उसी महीने में हैंडल किए गए 1032 रेक के मुकाबले 7.95% की बेहतर बढ़ोतरी है। पूरे महीने में, एनएफआर ने एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, अनाज, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटोमोबाइल, टैंकर और अन्य सामग्रियों सहित कई आवश्यक सामग्रियों का सुचारू रूप से परिवहन किया। इन खेपों को एनएफआर ने अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेडों में सफलतापूर्वक अनलोड किया। माल परिवहन का एक बड़ा हिस्सा पूर्वोत्तर राज्यों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। नवंबर 2025 में, केवल असम में 624 रेक अनलोड किए गए, जिनमें 324 रेक आवश्यक सामानों से भरे थे। इसी दौरान, त्रिपुरा में 87, नागालैंड में 23, अरुणाचल प्रदेश में 8, मणिपुर में 23, मेघालय में 1 और मिज़ोरम में 12 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, एन. एफ. रेलवे के क्षेत्राधिकार में, पश्चिम बंगाल में 183 और बिहार में 153 रेक अनलोड किए गए, जिनमें आवश्यक और अति आवश्यक दोनों तरह की सामग्रियाँ शामिल थे।

### पूंजीकरण में सबसे बड़ा झटका आईसीआईसीआई बैंक को लगा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी कमजोरी के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 79,129.21 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे बड़ा झटका लगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक या 0.51 प्रतिशत गिर गया। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार मूल्य में बढ़त हुई, जबकि एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई।

## रुपए के मूल्य ने पहली बार 90 प्रति डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया

# कमजोर रुपये से जनवरी में टीवी हो सकते हैं महंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेमोरी चिप की बढ़ती लागत और रुपये के अवमूल्यन के कारण अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतों में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। रुपये का मूल्य हाल ही में पहली बार 90 प्रति डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। रुपये में गिरावट ने उद्योग को असुरक्षित स्थिति में डाल दिया है, क्योंकि एक एलईडी टीवी में घरेलू मूल्य संवर्धन केवल लगभग 30 प्रतिशत है और मुख्य घटक जैसे ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड आयात किए जाते हैं।

**एचबीएम की भारी मांग से वैश्विक स्तर पर कमी :** इसके अलावा यह समस्या मेमोरी चिप संकट से भी जुड़ी हुई है, जहां एआई सर्वरों के लिए हाई-बैंडविड्थ मेमोरी की भारी मांग के कारण वैश्विक स्तर पर गंभीर कमी हो गई है, जिससे सभी प्रकार की मेमोरी की कीमतें आसमान छू रही हैं।

### तीन माह से मेमोरी चिप की कीमतों में 500 फीसदी वृद्धि

*कुछ टीवी विनिर्माताओं ने कीमतों में संभावित वृद्धि के बारे में अपने डीलरों को पहले ही सूचित कर दिया है। थॉमसन, कोडक और ब्लाउपुंक्ट सहित कई वैश्विक ब्रांडों के लाइसेंस रखने वाली टीवी विनिर्माता कंपनी सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) ने कहा, ''पिछले तीन महीनों में मेमोरी चिप की कीमतों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।'*

### टेलीविजन की कीमतों में तीन से चार प्रतिशत की वृद्ध हो सकती है



### कंपनियों का ध्यान उच्च लाभ वाले एआई चिप पर

चिप विनिर्माता कंपनियां उच्च लाभ वाले एआई चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे टीवी जैसे पारंपरिक उपकरणों के लिए आपूर्ति कम हो रही है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एन एस सतीश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मेमोरी चिप की कमी और कमजोर रुपये के कारण एलईडी टीवी सेटों की कीमतों में तीन प्रतिशत की वृद्धि होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6078




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6077 का हल**





## अंडर 19 एशिया कपः पाकिस्तान की टीम केवल 150 रन पर सिमटी

**दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने चटकाए तीन तीन विकेट**

# टीम इंडिया ने पाक को धोया, 90 रन से दी मात, लगातार जीता दूसरा मैच

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने अंडर 19 एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में खेले गए मैच में टीम इंडिया ने 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर बनाया। उसकी तरफ से एरॉन जॉर्ज ने सर्वाधिक 85 रन की पारी खेली तो कनिष्क चौहान ने 46 रन बनाए। इसके बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान के तीन-तीन विकेटों के बूते पाकिस्तानी टीम को 150 रन पर ही समेट दिया। पाकिस्तान 41.2 ओवर तक ही टिक सका। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में यूएई को मात दी। इस नतीजे के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### मुकाबले में बारिश ने डाला खलल

भारत और पाकिस्तान के मुकाबले में बारिश ने खलल डाला. इससे मैच को 49-49 ओवर का किया गया। टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्यौता मिला। वैभव सूर्यवंशी पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। लेकिन कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और जॉर्ज ने पारी को संभाला। इनके बीच 49 रन की साझेदारी हुई। म्हात्रे 25 गेंद में चार चौकों व तीन छक्कों से 38 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लगातार टीम इंडिया के विकेट गिरते रहे। लेकिन जॉर्ज ने एक छोर थाम लिया। उन्होंने 88 गेंद में 12 चौकों व एक छक्के से 85 रन बनाए। उनके अलावा सातवें नंबर पर आए कनिष्क ने दो चौकों व तीन छक्कों से 46 रन की पारी खेली। भारत पूरे ओवर नहीं खेल पाया और 46.1 ओवर में ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद सय्याम और अब्दुल सुभान ने तीन-तीन विकेट लिए।



### आरोन जॉर्ज ने जीती विनू मांकड़ ट्रॉफी



आरोन जॉर्ज को लेकर बात की जाए तो उनका जन्म केरल में हुआ था, जिसके बाद घरेलू क्रिकेट में वह हैदराबाद की तरफ से खेलते हैं। आरोन जॉर्ज की कप्तानी में हैदराबाद की टीम ने 38 साल के लंबे इंतजार के बाद वीनू मांकड़ ट्रॉफी को अपने नाम किया था। आरोन जॉर्ज वीनू मांकड़ के पिछले 2 सीजन में 700 से ज्यादा रन बना चुके हैं। वहीं चयनकर्ताओं की उनपर उस समय नजर पड़ी जब उन्होंने साल 2022-23 में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में बिहार के खिलाफ मुकाबले में 303 रनों की शानदार पारी खेली थी। आरोन जॉर्ज ने अंडर 19 एशिया कप में भी शानदार फॉर्म अभी तक दिखाया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान से पहले यूएई के खिलाफ मुकाबले में भी 69 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी।

## अफ्रीका को सात विकेट से हराकर भारत ने बनाई श्रृंखला में बढ़त



- 25 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-1 से बढ़त कायम की
- अफ्रीका की टीम 117 रन पर आउट हुई भारत ने 15 .5 ओवर में पा लिया लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 35 रन) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-1 से बढ़त कायम कर ली। कप्तान एडेन मारक्रम की 46 गेंद में 61 रन की पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 117 रन पर आउट हो गयी। भारत ने 15.5 ओवर में ही तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने तीन छक्के और इतने ही चौके लगाने के अलावा और शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआती दिलाकर जीत की राह आसान कर दी। गिल ने पारी की शुरुआत में कुछ अच्छे शॉट लगाये लेकिन तेजी से रन बनाने के लिए जूझते दिखे। वह हालांकि क्रीज पर कुछ समय बिताने में सफल रहे। तिलक वर्मा (34 गेंद में नाबाद 26) भी तेजी से रन नहीं बना पाये तो वही कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) एक बार फिर निराश किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका के लिए मारक्रम ने छह चौके और दो छक्के जड़े। उनके अलावा डोनोवन फरेरा (20) और एनरिक नोर्किया (12) ने ही दहाई के आंकड़े में रन बनाये। अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो जबकि चक्रवर्ती ने इतने ही ओवर में 11 रन देकर दो सफलता हासिल की।

## खबर संक्षेप

### शुरुआती वर्षों में बदलना पड़ा दौड़ने की शैली : शेली एन

**पुणे।** जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा। ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है।



### 22 हजार वाले क्लब में शामिल हो सकते हैं रूट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में शानदार शतक लगाया था। इस बीच जो रूट के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन पूरा करने का मौका होगा। ऐसा करने के लिए उन्हें तीसरे टेस्ट मैच में एक बड़ी पारी खेलनी होगी। जो रूट ने अभी तक तीनों फॉर्मेट को मिलाकर 378 मैच खेले हैं। वहां उन्होंने 497 पारियों में 21927 रन बनाए हैं। अगर वह तीसरे टेस्ट मैच में वह 73 रन बना लेते हैं तो इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के नौंवे क्रिकेटर बन जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक सचिन तेंदुलकर, कुमार संगाकारा, विराट कोहली, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, जैक कैलिस,राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा ने ही 22 हजार रन पूरे किए हैं।



### रेलवे के पहलवानों को ग्रीको-रोमन वर्ग में टीम खिताब

**अहमदाबाद।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने रविवार को यहां आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में सेना की कड़ी चुनौती को पार करते हुए ग्रीको-रोमन टीम खिताब अपने नाम किया। आरएसपीबी और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) दोनों ने 190-190 अंक हासिल किए लेकिन आरएसपीबी को विजेता घोषित किया गया। हरियाणा 138 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। रेलवे के चेतन ने 63 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के सनी कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उमेश (दिल्ली) और ज्ञानेंद्र (एसएससीबी) ने कांस्य पदक हासिल किए। कुलदीप मलिक (72 किलोग्राम) ने भी रेलवे के लिए स्वर्ण पदक जीता, उन्होंने करनदीप को हराया जबकि आरएसपीबी के रोहित ने 87 किलोग्राम वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

## जायसवाल ने 48 गेंद में जड़ा शतक, सरफराज ने खेली धुआंधार पारी

**मुंबई ने 235 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में हासिल किया, हरियाणा को हराया**

एजेंसी ▶▶| अम्बी

टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जासवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया।



### रेड्डी का शतक, आंध्र की पंजाब पर रोमांचक जीत

पुणे। युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली, जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया, जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ित शतकीय पारी खेली। इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (23 रन देकर तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस के पूर्व नेट गेंदबाज बरार ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज श्रीकर भरत (01) और अश्विन हेब्बर (04) को आउट कर दिया, जिससे आंध्र का स्कोर दो विकेट पर सात रन हो गया। तेज गेंदबाज आयुष गोयल ने भी नीतीश कुमार रेड्डी का विकेट लिया, जिससे आंध्र का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया और फिर नौवें ओवर में जल्द ही पांच विकेट पर 56 रन हो गया।

**ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट**

## बार्सिलोना की सातवीं जीत ओसासुना को हराया



एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

- बार्सीलोना ने बनाई रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त

राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है, जिससे टीम दबाव में है। एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सीलोना से नौ अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मालोर्का ने एल्शे को 3-1 से शिकस्त दी।

### सालाह की वापसी, लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया

लीवरपूल। लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है।इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी। बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।



**शायन जहांगीर ने खेली 54 गेंद में 99 रन की पारी**

## रसेल की पारी गई बेकार, दुबई कैपिटल्स ने दर्ज की रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

आंद्रे रसेल की 33 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के बावजूद अबुधाबी नाइट राइडर्स को दुबई कैपिटल्स के खिलाफ आईएलटी20 के करीबी मैच में नौ रन से हार झेलनी पड़ी। दुबई कैपिटल्स ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शायन जहांगीर की 54 गेंद में 99 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 196 रन बनाए और फिर नाइट राइडर्स को आठ विकेट पर 187 रन पर रोक दिया। रसेल ने अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स को जहांगीर और जोर्डन कॉक्स (30 गेंद में 29 रन) ने 115 रन जोड़कर शुरुआती झटकों से उबारा।



जहांगीर रन आउट होने के कारण शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। रसेल की विस्फोटक पारी ने नाइट राइडर्स की जीत की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरकार कैपिटल्स ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की।

## ओडिशा मास्टर्सः उन्नति और किरण का शानदार प्रदर्शन, जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| कटक

शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया। इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। जॉर्ज ने पहला गेम जीता लेकिन यूसुफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। जॉर्ज ने इसके बाद जुझारूपन और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

**ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में, खरीदें जाएंगे अधिकतम 77 खिलाड़ी**

# आईपीएल ऑक्शनः अनजाने भारतीयों पर बरसेगा पैसा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 ऑक्शन में अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर फोकस रहने वाला है। फ्रेंचाइज के पास पैसा कम है और जगह भी कम भरनी है, साथ ही ज्यादा बड़े विदेशी खिलाड़ी भी इसमें नहीं हैं। ऐसे में घरेलू क्रिकेट में कमाल करने वाले भारतीय क्रिकेटर्स की मौज हो सकती है। कुछ नाम ऐसे हैं, जिनकी काफी चर्चा है और माना जा रहा है कि इन्हें लेने के लिए ऑक्शन के दौरान फ्रेंचाइज में कड़ा मुकाबला हो सकता है। ऑक्शन से पहले जान लेते हैं कि कौनसे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर मोटी बोली लग सकती है।



### कार्तिक शर्मा

राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा 20 साल के हैं। वे लॉअर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं और तूफानी अंदाज में खेलते हैं। कार्तिक छक्के उड़ाने की क्षमता के चलते सुर्खियों में हैं.।19 साल की उम्र में उन्हें जेएसडब्ल्यू ने साइन कर लिया था। कार्तिक शर्मा ने 12 टी मैचों में अभी तक 164 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। इनमें 28 छक्के शामिल है। कार्तिक ने फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू पर ही शतक लगाए थे।



### अशोक शर्मा

राजस्थान से आने वाले अशोक शर्मा पहले आईपीएल का हिस्सा रहे हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल रहे हैं। लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। अशोक शर्मा लगातार 140 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बॉलिंग करते हैं। उन्होंने हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### क्रेंस फुलेत्रा

सौराष्ट्र से आने वाले क्रेंस फुलेत्रा चाइनामैन बॉलर हैं। वे पिछले आईपीएल सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के रूप में रहे हैं। फुलेत्रा ने अभी तक सौराष्ट्र के लिए दो ही टी20 मैच खेले हैं। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने ही इस अनजाने गेंदबाज का नाम सनराइजर्स को बताया था। चाइनामैन बॉलिंग के चलते अब कई फ्रेंचाइज ने उनमें दिलचस्पी दिखाई है।



### आकिब नबी

जम्मू कश्मीर से आने वाला यह तेज गेंदबाज पिछले सीजन से सबसे सफल रहा है। आकिब नबी पिछले रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज थे। इस साल भी पहले हाफ में तेज गेंदबाजों में वे ही सबसे आगे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी आकिब ने कमाल किया था। उन्होंने सात मैच में 15 शिकार किए थे। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के तौर पर रह चुके हैं।

### प्रशांत वीर

उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रशांत वीर ऑलराउंडर हैं। वे बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। 20 साल के प्रशांत ने हाल ही में यूपी के लिए अंडर 23 और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में साथ-साथ खेले थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 170 की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाने के साथ ही 6.76 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए थे। वे सबसे पहले यूपी टी20 लीग में नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए सुर्खियों में आए थे।






## बंदूक छीनने वाले की सोशल मीडिया पर हो रही तारीफ

# आतंकी गोलीबारी कर लाशों पर लाशें बिछा रहे थे तभी एक शख्स हमलावर पर टूटा और छीन ली बंदूक


एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित प्रसिद्ध बोंडी बीच पर 14 दिसंबर 2025 को एक भयावह गोलीबारी की घटना हुई। यह हमला उस समय हुआ जब यहूदी समुदाय हनुक्का त्योहार की पहली रात का जश्न मना रहा था। हनुक्का इस वर्ष 14 दिसंबर की शाम से शुरू हुआ और 22 दिसंबर तक चलेगा।

घटना हनुक्का बाय द सी नामक एक सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसमें सैकड़ों परिवार शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काले कपड़ों में दो हमलावरों ने पुल से या आसपास से अंधाधुंध फायरिंग की। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई लोग जान बचाकर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, इस हमले में कई लोगों की मौत हुई, जिसमें एक हमलावर भी शामिल है। वीडियो में देखा जा सकता है कि हमलावर अंधाधुंध फायरिंग कर रहा है। तभी एक व्यक्ति ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पीछे से आकर उसे दबोच लिया।

उस साहसी व्यक्ति ने हमलावर को निहत्था कर बंदूक अपने कब्जे में ले ली। इस बहादुरी के लिए अब सोशल मीडिया पर उसकी जमकर सराहना हो रही है। 15 सेकंड के वीडियो में निहत्था व्यक्ति खड़ी कारों के पीछे छिपा हुआ दिखाई देता है। वह पीछे से बंदूकधारियों की ओर दौड़ता है, उनकी गर्दन पकड़ता है और उनकी राइफल छीन लेता है।

*दुनियाभर में वायरल हुआ 15 सेकंड का वीडियो*



वायरल वीडियो में युवक आतंकी को दबोचते हुए दिखा

### आतंकी हमले का पाकिस्तान कनेक्शन

बोंडी बीच पर गोलियां बरसाने वाले हमलावरों की पहचान का दावा किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक एक हमलावर का नाम नवीद अकरम है। वह पाकिस्तान का मूल निवासी है। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि फिलहाल वह सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में रह रहा था। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि नवीद अकरम का घर बोन्निरिग के उपनगर में है। यहां पर पुलिस अधिकारियों ने छापामारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था।



हादसे के वक्त का दृश्य

### माइकल वॉन की भी अटकी सांसें

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल वॉन रविवार को सिडनी के मशहूर बोंडी बीच पर पर्यटन के लिए पहुंचे थे। यहां उनकी सांसें तब अटक गईं, जब यहां आयोजित हो रहे यहूदियों के एक कार्यक्रम में कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चला दीं और इसमें कई लोगों की मरने की खबर हैं। जब यह घटना हुई तो वॉन जिस रेस्टोरेंट में मौजूद थे वहीं लॉक हो गए। वॉन ने इस घटना की जानकारी अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। उन्होंने कहा कि वह दहशत भरे इस माहौल में रेस्टोरेंट में बंद थे और अब घर पर सुरक्षित हैं। वॉन ने इस घटना से सुरक्षित निकल जाने के बाद राहत की सांस ली और उन्होंने घर पहुंचकर सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर अपने इस भयानक अनुभव को साझा किया है। उन्होंने लिखा, बोंडी के एक रेस्टोरेंट में लॉक हो जाना बहुत डरावना था। अब सुरक्षित हूं.. लेकिन आपातकालीन सेवा और उस व्यक्ति को जो आतंकवादियों से लड़ा उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद.. जो भी इस घटना से प्रभावित हुए हैं उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।



पूर्व क्रिकेटर ने एक्स पर बयां किया दर्द

## दावोस में डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक 19 से 23 जनवरी तक होगी

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित 4 राज्यों के सीएम और 100 से अधिक सीईओ करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत के चार राज्यों के मुख्यमंत्री और सौ से अधिक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। 19 से 23 जनवरी तक इस पांच दिवसीय वार्षिक बैठक में कई केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है।

बैठकर में करीब 130 देशों के वैश्विक नेता भाग लेंगे, जिनमें लगभग 60 देशों के राष्ट्रध्यक्ष भी शामिल होंगे। इस वार्षिक बैठक में जिन चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे, उनमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शामिल हैं। इन चार राज्यों के अलावा, उत्तर प्रदेश समेत कुछ और राज्यों की भी डब्ल्यूईएफ की बैठक में खास मौजूदगी होने की संभावना है। इस बैठक का विषय 'संवाद की भावना' रखा गया है। केंद्रीय मंत्रियों के नाम जल्द ही घोषित किए जा सकते हैं।


वैश्विक नेताओं में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय एस बंगा, आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जिवा, यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टिन लैगार्ड, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस, यूनेस्को के महानिदेशक खालेद एल-एनानी, डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक नगोजी ओकोंजो-इवेआला और लंदन के मेयर सादिक खान शामिल होंगे।

**बैठक में 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे, संवाद की भावना पर होगा मंथन**

**नवाचार, विकास और वैश्विक सहयोग जैसे मुद्दों पर रहेगा फोकस**



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव





बैठक की तैयारियां अंतिम चरण में

### ये उद्योगपति भी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

*दावोस में शामिल होने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज और जुबिलेंट भरतिया समूह के हरी एस भरतिया शामिल हैं।*

*इस बैठक में भारत के कॉर्पोरेट जगत से जिन लोगों के शामिल होने की संभावना है, उनमें एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामत, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी, इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख, विप्रो के रिशद प्रेमजी, एसर के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा शामिल हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के कई उपक्रमों के प्रमुख भी वहां मौजूद रहेंगे, जिनमें गैस ग्रिड इंडिया के संदीप कुमार गुप्ता, एसबीआई के चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी, एनटीपीसी के गुरदीप सिंह और आरईसी के जितेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हैं।*

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन होंगे शामिल**

### *पाकिस्तान भी रहेगा शामिल*

*पाकिस्तान से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।*

*इस बैठक में जी7, जी20, ब्रिक्स देशों के नेताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी शामिल होने की संभावना है।*

## कंबोडिया कर रहा सीजफायर का उल्लंघन

# ड्रोन छोड़े, गोले दागे हमले से परेशान थाईलैंड ने तटीय इलाकों में लगाया कर्फ्यू

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

कंबोडिया के साथ लड़ाई एक विवादित सीमा क्षेत्र के तटीय इलाकों तक फैलने के बाद थाईलैंड ने आज रविवार को अपने दक्षिण-पूर्वी त्रात प्रांत में कर्फ्यू लगा दिया। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के दो दिन बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह वर्तमान स्थिति पर अपडेट दिया।

बैंकॉक पोस्ट ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रियर एडमिरल सुरसंत कोंगसिरी के हवाले से कहा कि थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही जवाबी कार्रवाई की। उनके अनुसार, शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह 1 बजे तक कंबोडिया ने पूर्वी थाईलैंड के त्राट प्रांत में ड्रोन भेजे और सुबह 4.15 बजे उत्तर-पूर्वी प्रांत सी सा केट में रॉकेट और गोले दागे। सुबह 5.15 बजे कंबोडिया ने थाईलैंड के उत्तर-पूर्व और पूर्व की पूरी सीमा पर फिर से हमले शुरू कर दिए। आरएडीम सुरसंत ने आरोप लगाया कि कंबोडिया युद्धविराम को तवज्जो नहीं दे रहा है।



उन्होंने कहा, कंबोडिया ने जैसा दावा किया था, वैसा सीजफायर नहीं किया है, उन्होंने उस रिपोर्ट का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें कहा गया था कि कंबोडिया ने मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के एक प्रस्ताव पर सहमति जताई थी, जो एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस के चेयरमैन हैं।

### थाई सेना ने एक पुल को नष्ट कर दिया

शनिवार शाम भी रक्षा मंत्रालय ने अपडेट दिया था। बताया था कि थाई सेना ने एक पुल को नष्ट कर दिया है जिसका इस्तेमाल कंबोडिया इस क्षेत्र में भारी हथियार और अन्य उपकरण पहुंचाने के लिए करता था और कंबोडिया के तटीय कोह कोंग प्रांत में पहले से तैनात तोपखाने को निशाना बनाते हुए एक ऑपरेशन शुरू किया। दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसी देशों ने इस साल कई बार हथियारों का इस्तेमाल किया है, जब मई में एक झड़प में एक कंबोडियन सैनिक मारा गया था। जिससे एक ऐसा संघर्ष फिर से शुरू हो गया है जिसने सीमा के दोनों ओर लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया है।




*लूथरा ब्रदर्स ने भागने के लिए थाईलैंड चुना*

# साथी भी हो गया था फरार, गोवा अग्निकांड की जांच में जुड़ी कड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में हुई अग्निकांड मामले में जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इस मामले में नई कड़ियां जुड़ती जा रही हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि इस नाइट क्लब में सुरक्षा मानदंडों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ।



वहीं, गोवा के अरपोरा में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' चलाने वाले गौरव लूथरा, सौरभ लूथरा और अजय गुप्ता पर घातक आगजनी के सिलसिले में गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज होने के बाद वे मुश्किल में फंस गए हैं। लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड के फुकेट से हिरासत में लिया गया है। वहीं, उनको वापस लाने का प्रयास जारी है। इधर, अजय गुप्ता को दिल्ली के एक अस्पताल से हिरासत में लिया गया है। अभी तक की जांच में पाया गया है कि जिस दौरान गोवा के नाइट क्लब में आग लगी, लूथरा ब्रदर्स दिल्ली में किसी शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे।

जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि नाइट क्लब में आग लगी है, उन्होंने दिल्ली के मॉडल टाउन स्थित अपने दफ्तर में फोन किया और कर्मचारियों को थाईलैंड के लिए टिकट बुक करने को कहा। वहीं, उन्होंने अपने सहायक भरत कोहली को भी दफ्तर आकर कुछ दस्तावेज लाने और उन्हें मुखर्जी नगर स्थित उनके घर पहुंचाने के लिए कहा। इसके बाद शादी के कार्यक्रम स्थल से तीनों बंधुओं ने सीधे अपने घर का रुख किया।

## अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामला

# सीबीआई ने 4 विदेशियों सहित 17 आरोपियों और 58 कंपनियों पर चार्जशीट दायर कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की। ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिए धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी ऐप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई के अनुसार, यह मामला गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दर्ज किया गया था। शुरुआती तौर पर यह अलग-अलग ऑनलाइन ठगी की शिकायतें लग रही थीं, लेकिन गहन जांच में लोन ऐप, फर्जी निवेश योजनाओं, पोंजी और एमएलएम स्कीम, पार्ट-टाइम नौकरी के झूठे ऑफर और धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के पीछे एक संगठित सिंडिकेट का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि साइबर अपराधियों ने गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस, एसआईए बॉक्स, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और सैकड़ों फर्जी बैंक खातों के जरिए एक जटिल डिजिटल ढांचा तैयार किया था।

इसका उद्देश्य पीड़ितों से धन जुटाकर उसे कई स्तरों में घुमाते हुए असली नियंत्रकों की पहचान छिपाना था। जांच में सीबीआई को पता चला कि यह नेटवर्क देश के कई राज्यों में सक्रिय था और हजारों लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बना चुका था।



### जांच में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का संदिग्ध लेन-देन

सीबीआई ने इस नेटवर्क की रीढ़ 111 शेल कंपनियों को बताया, जिन्हें फर्जी निदेशकों, गलत दस्तावेजों और झूठे पते के आधार पर बनाया गया था। इन कंपनियों के जरिए विभिन्न पेमेंट गेटवे पर मर्चेंट अकाउंट खोले गए। जांच में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का पता चला, जिसमें एक खाते में ही 152 करोड़ रुपए से अधिक की रकम जमा हुई थी। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, झारखंड और हरियाणा में 27 स्थानों पर तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और अहम दस्तावेज जब्त किए गए। फोरेंसिक जांच से यह भी सामने आया कि विदेशी नागरिक विदेश से पूरे नेटवर्क को नियंत्रित कर रहे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109